सुप्रभात
रांची, मंगलवार
10.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 90
12 कृषि-खाद्य प्रणालियों को न्यायसंगत बनाना होगा : राष्ट्रपति

## न्यूज डायरी

### प्रो क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल

**स्टॉकहोम।** महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को दिया गया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की।

### 10 नेपाली नागरिकों की हमास के हमलों में मौत

**काठमांडू।** फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के रॉकेट हमलों में इजराइल में नेपाल के 10 नागरिकों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हमास ने शनिवार को इजराइल में हवाई हमले किये, जिसमें सैनिकों समेत 700 लोगों की मौत हो गयी और करीब 2,000 लोग घायल हैं।

### कमलेश सिंह ने समर्थन वापसी की धमकी दी

**रांची।** एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस लेने की चेतावनी दी है। कहा कि यह सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के विपरीत काम कर रही है।

### भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

**नयी दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा के कुछ घंटे बाद भाजपा ने मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवारों की चौथी, छत्तीसगढ़ के 64 उम्मीदवारों की दूसरी और राजस्थान के 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी।

### रक्षा सहयोग बढ़ायेंगे भारत और तंजानिया

**नयी दिल्ली।** भारत और तंजानिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी में बदलने तथा रक्षा क्षेत्र एवं आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में परस्पर सहयोग को बढ़ाने की आज घोषणा की।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 की मौत

**अरियालुर।** तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में आग लग गयी। इससे हुए विस्फोट में तीन महिलाओं समेत 10 श्रमिकों की मौत हो गयी।

### उप प्रमुख उठा रहा था राशन, जांच का आदेश

**रांची।** राशन कार्ड बना कर राहे प्रखंड के उप प्रमुख लाभ उठा रहा था। जानकारी मिलती ही डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया। दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है। उप प्रमुख के नाम से चार पहिया वाहन के साथ-साथ सात एकड़ से अधिक जमीन भी है।

### न्याय रहित समाज का अस्तित्व समाप्त : मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि न्याय रहित समाज का समृद्धि के बावजूद अस्तित्व खत्म हो जाता है।

## रिसालदार बाबा के दर पहुंचे सीएम



## तमाम चुनौतियों के बीच विकास की गति को दे रहे हैं रफ्तार : सीएम

# हर खेत को पानी देने को राज्य सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

सिकटिया मेगा सिंचाई परियोजना के शिलान्यास समारोह में बोले मुख्यमंत्री

- पाइप के जरिये गंगा का पानी भी लायेंगे
- किसानों की आय बढ़ाने को लेकर संकल्पित
- ससमय योजनाएं पूरी करना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे। हर खेत को मिले पानी, इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी के तहत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिये खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहायेंगी। उन्होंने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वाटर रिजर्वायर के पानी का इस्तेमाल यहां के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्य कर रहे हैं। आने वाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिए खेतों में पहुंचेगा। इस दिशा में भी सरकार कार्य योजना बनाने में लगी हुई है। श्री सोरेन सोमवार को देवघर जिले के सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)



देवघर जिले के सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री हफीजुल, मंत्री बादल व अन्य।

### अफसरों को दी सुधरने की चेतावनी

मुख्यमंत्री ने राज्य के अधिकारियों को चेतावनी दी और कहा कि अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लायें, नहीं तो परिणाम गंभीर होंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतें आ रही हैं कि बीडीओ ऑफिस में लोगों की बातें सुनी नहीं जाती। वहां पर लोगों को परेशान किया जाता है। टालमटोल किया जाता है। यह आचरण ठीक नहीं है। यह एक गंभीर मामला है। सुधर जाइये, ईमानदारी से काम करिये नहीं तो यह आपके लिए ठीक नहीं होगा। सीएम ने कहा कि जल्द ही हम आपके कार्यालय आने वाले है। अगर आपको लग रहा है कि कोई देखने वाला कोई नहीं है, इस आप गलतफहमी में मत रहिये। जो लोग दोषी पाए जायेंगे उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा।

## इजराइली रक्षा मंत्री ने गाजा की पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया

# एक-एक आतंकी को मारने की तैयारी

**एजेंसी**



**यरूशलम।** इजरायल पर आतंकी संगठन हमास के हमले के तीसरे दिन ही बाजी पलट गयी। इजरायली सैनिकों ने सोमवार को गाजा पट्टी के पास दक्षिणी इलाकों पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इजराइली रक्षा मंत्री ने गाजा की पूर्ण रूप से घेराबंदी करने का आदेश दिया था, जहां से हमास आतंकी गतिविधियों ऑपरेट करता है।

इजरायली सेन अब घर में घुस कर एक-एक आतंकवादी के सफाये में लगी है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना ने सोमवार को घोषणा की कि उसने हमास लड़ाकों के साथ तीन दिनों की गहन झड़प के बाद गाजा पट्टी के पास दक्षिणी इलाकों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है। हमास द्वारा अचानक किये गये हमले की तुलना इजरायल ने 9/11 की आतंकी घटना से की है। इस जंग में अब तक दोनों देशों के दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

इजरायल ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर जवाबी हमला शुरू किया है। आतंकवादी समूह के कई ठिकानों को वर्बाद कर दिया। गाजा में 1,000 से ज्यादा टारगेट को निशाना बनाया है।

सैन्य प्रवक्ता डैनियल हगारी के अनुसार, इजरायल ने अब प्रभावित समुदायों और इलाकों पर नियंत्रण कर लिया है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ फिलिस्तीनी आतंकी अब भी इस क्षेत्र में छिपे हो सकते हैं। इजरायल ने इलाके से हमास लड़ाकों को खदेड़ने के लिए भारी हथियार से लैस दस हजार से ज्यादा सैनिकों को यहां तैनात किया था। शनिवार को हमास के हमले के जवाब में, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमलों की झड़ी लगा दी है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। गाजा के आसमान में धुएं का गुबार छाया हुए हैं। लड़ाकू विमान गरज रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बर्बर लोगों से लड़ रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 'प्रतिशोध लेने' की कसम खायी है।

# पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा तीन दिसंबर को आयेगा रिजल्ट

## मिजोरम, एमपी, राजस्थान व तेलंगाना में एक चरण, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में वोटिंग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2023 की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि मिजोरम में 7 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को मतदान होगा। तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, राजस्थान में 23 नवंबर को वोटिंग होगी। सभी राज्यों की मतों की गणना 3 दिसंबर को होगी। 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव से पहले इन राज्यों के चुनावों को काफी अहम माना जा रहा है।

**5 राज्यों में 679**



**विधानसभा सीटें :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग की टीम ने सभी पांच चुनावी राज्यों का दौरा किया और सभी राजनीतिक पार्टियों संग बैठक की। उनके सुझाव और फीडबैक लिये। उन्होंने कहा कि इन 5 राज्यों में 679 विधानसभा सीटें हैं। उन्होंने कहा कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### कब खत्म हो रहा कार्यकाल

मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का शासन है, जबकि एमपी में भाजपा की सरकार है।

### कहां कब मतदान

| | |
|---|---|
| मिजोरम | 7 नवंबर |
| मध्यप्रदेश | 17 नवंबर |
| छत्तीसगढ़ | 7 और 17 नवंबर |
| राजस्थान | 23 नवंबर |
| तेलंगाना | 30 नवंबर |

**तीन दिसंबर को आयेंगे सभी के नतीजे**

# 11 को झारखंड समेत पांच राज्यों संग केंद्र की बैठक

- एसआरइ फंड पर केंद्रीय गृह मंत्रालय करेगा चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसआरइ फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ 11 को बैठक करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरइ फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023- 24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड, आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिवों के साथ बैठक होगी। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जुड़ेंगे। सोमवार को एसआरई फंड के संबंध होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित ऑपरेशन आइजी अमोल विणुकांत होमकर व स्पेशल ब्रांच के आइजी प्रभात कुमार के साथ बैठक की। साथ ही उनसे फंड के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

**झारखंड कई जिले नक्सल पीड़ित :** गौरतलब हो कि एसआरई फंड के मद में केंद्र सरकार राज्य सरकार को नक्सल उन्मूलन के लिए एकमुश्त राशि देती है। उक्त राशि को पुलिस मुख्यालय द्वारा नक्सल प्रभावित जिलों को आवंटित किया जाता है।

(शेष पेज 11 पर)

## अराजपत्रितकर्मियों के वेतन भुगतान पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# कमेटी बना कर शीघ्र हल करें, सात को फिर सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/दिल्ली।** पिछले 20 साल से अराजपत्रित कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़े मामले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सशरीर हाजिर हुए। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने वेतन भुगतान के मामले का शीघ्र समाधान निकालने को कहा है। वहीं कोर्ट ने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमिटी बनाये। कमेटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी को रखा जाये। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए सात नवंबर की तारीख मुकर्रर की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक यह कमिटी अदालत को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। (शेष पेज 11 पर)

**अगली सुनवाई में सीएस को सशरीर हाजिर होने से छूट :** सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत से गुजारिश की कि आगामी सुनवाई के दौरान चीफ सेक्रेटरी को सशरीर उपस्थित होने से मुक्त किया जाये। महाधिवक्ता के इस आग्रह को अदालत ने स्वीकार लिया है। अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने से छूट दी है। झारखंड सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल और अधिवक्ता पल्लवी लांगर ने पक्ष रखा।

# आज आयेगा कार्डिनल का पार्थिव शरीर, कल रांची में विधि संस्कार

## अंतिम दर्शन को आयेंगे देश-विदेश के कार्डिनल, बिशप, पल्ली पुरोहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, मांडर।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पार्थिव शरीर मंगलवार को कॉन्सटेंट लिवंस हॉस्पिटल मांडर से रांची लाया जायेगा। रांची में ही बुधवार को एक बजे लोयला मैदान में कलीसिया के लोगों द्वारा विधि संस्कार आयोजित होगा। मांडर से रांची लाने के क्रम में उनके चाहनेवाले मानव श्रृंखला बनाकर पुष्प अर्पित करेंगे। मंगलवार को अंतिम दर्शन के लिए संत मरिया गिरजाघर चर्च पुरुलिया रोड में रखा जायेगा। उनका अंतिम दर्शन में करने देश विदेश के कार्डिनल, बिशप, पल्ली पुरोहित, सिस्टर शामिल होने पहुंच रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कल शाम चार बजे होगा दफन संस्कार



बुधवार को शाम 3 बजे पार्थिव शरीर के लोगों के दर्शन के लिए संत मरिया महागिरजा घर चर्च में रखा जायेगा। 11 को सुबह 6 से 12 बजे तक लोग वहां अंतिम दर्शन कर सकेंगे। एक बजे लोयला मैदान में कलीसिया के लोग विधि संस्कार आयोजित करेंगे। उसके बाद शाम चार बजे देश- विदेश के कार्डिनल, बिशप, पल्ली पुरोहित, सिस्टर की अगुवाई में संत मरिया महागिरजा चर्च में उनका दफन संस्कार किया जायेगा।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 54,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 73,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना शीघ्र : राहुल

## कांग्रेस कार्यसमिति का सर्वसम्मत फैसला, मोदी सरकार पर भी डालेंगे प्रेशर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के गरीब, आदिवासी, दलितों और ओबीसी के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए कहा है कि कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने सर्वसम्मति से जाति जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।

मीटिंग के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जातीय जनगणना होगी। यह एक प्रोग्रेसिव स्टेप है। हमारे मुख्यमंत्री भी इस बारे में विचार कर रहे हैं और एक्शन ले रहे हैं। कहा कि देश में जिसकी जितनी आबादी है उसे सत्ता में उसी हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। (शेष पेज 11 पर)

### पीएम मोदी पर भी जमकर बोला हमला

राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। राहुल ने कहा, देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।



### पीएम असमर्थ

श्री गांधी ने जातीय जनगणना नहीं करने के लिए श्री मोदी पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जातीय जनगणना कराने में असमर्थ हैं। हमारे 4 में से 3 मुख्यमंत्री ओबीसी से हैं जबकि भाजपा का शासन 10 राज्यों में है और इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से केवल एक ओबीसी है। पीएम ओबीसी के लिए नहीं बल्कि उन्हें मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए काम करते हैं।

# टेरर फंडिंग में बहस पूरी 31 को एनआइए रखेगा पक्ष

- मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े हैं तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की चार्जफ्रेम एवं डिस्चार्ज पिटिशन पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गयी।

अब 31 अक्टूबर को एनआइए अपना पक्ष रखेगा। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मेमामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विकास पहवा, हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवी की।

दरअसल, रांची की एनआइए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। (शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिले लोकसभा सांसद सुनील सोरेन



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को लोक सभा सांसद सुनील सोरेन ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने एक ज्ञापन के माध्यम से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की कतिपय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### मुख्यमंत्री से मिले आइजी मनोज कौशिक



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित महानिरीक्षक, प्रशिक्षण मनोज कौशिक ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को हजारीबाग स्थित पुलिस अकादमी में 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया।

### 29 नवंबर तक कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रहेगी रोक

रांची। हाईकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई के आदेश को 29 नवंबर तक बरकरार रखा है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। दरअसल दीपिका पांडे ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने एवं जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने के मामले में की गई प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है।

### भगवान भगत की जमानत अर्जी खारिज

रांची। साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये करोड़ों की कमाई करने के आरोपी पत्थर खदान संचालक भगवान भगत को ईडी कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। भगवान भगत पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में पिछले वर्ष 29 जुलाई 2022 को टिंकल भगत समेत छह लोगों के खदान की जांच भी की गई थी। जिसके बाद ईडी ने तीन अगस्त 2022 को टिंकल भगत समेत अन्य लोगों से ईडी ऑफिस में पूछताछ की थी। भगवान भगत को ईडी ने 9 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### उषा मार्टिन के एमडी की एबीपी खारिज

रांची। मनी लाउंड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। राजीव झंवर ने अग्रिम जमानत के लिये ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अर्जी दाखिल की थी। ईडी ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर कर दी है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को म्ब ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं।

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामला

### हाइकोर्ट में सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर 17 अक्टूबर को सुनवाई

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाले क्रिमिनल रिट की आंशिक सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा को याचिका की त्रुटि दूर करने के लिए समय दिया। प्रार्थी ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है। सीएम की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की सुनवाई पश्चिम सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। प्रार्थी ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

सरायकेला विस क्षेत्र में आयोजित संकल्प सभा में बाबूलाल ने गिनाईं उपलब्धियां

# विहिप कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची/सरायकेला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आदिवासियों को सिर्फ भाजपा ने ही सम्मान दिया है। श्री मरांडी सोमवार को संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान सरायकेला विधानसभा में बोल रहे थे। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए केंद्र और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी गांव-गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। मोदी जी ने महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की। कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉच की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो घर-घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। वहीं भाजपा सरकार ने अलग झारखंड राज्य की सौगात, अलग आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करना, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करना, आदिवासी द्रौपदी मूर्मू को राष्ट्रपति बनाना और यहां तक कि आजादी के बाद पहली बार मोदी मंत्रिमंडल में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया गया।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। प्रत्येक दिन अपराध हो रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं पर रांची कार्यक्रम में आने के दौरान बस को घेरकर पत्थर से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमला करने वालों के खिलाफ करवाई नहीं हुई तो राज्य की मौजूदा गठबंधन सरकार को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### जमीन खरीद बिक्री के मामले में जनता को दिग्भ्रमित कर रहे सीएम : बाबूलाल

नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/खरसावां। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर जमीन खरीद बिक्री मामले में मीडिया और राज्य की जनता को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन ईडी की पूछताछ से भाग रहे हैं। श्री मरांडी सोमवार को खरसावां के डाक बंगला मैदान में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि जमीन नहीं बिकती तो खजुरिया में उन्होंने इतना बड़ा बंगला कैसे बनवाया है। उन्हें बताना चाहिये कि रांची सहित पूरे झारखंड में उनके पास सबसे अधिक जमीन कहां से और कैसे आई। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में योगदान देने वाले व्यापारी आज दहशत में जी रहे हैं। झारखंड में जो भी विकास दिखता है वह भाजपा की देन है। अटल जी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रारंभ की, गांव तक सड़कें बनीं, नदी नालों पर पुल पुलियों का जाल बिछा, सर्व शिक्षा अभियान शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचारमुक्त देश और प्रदेश बनाने का प्रयास कर रही है।

## एसपी रैंक के अफसरों को सीबीआइ में जाने का मौका

पांच साल कर सेवा पूरी चुके एसपी रैंक के अधिकारी को मिलेगा मौका, केंद्र ने सीएस और डीजीपी को लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस कार्यकाल नीति 2010 में संशोधन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इस ऑफर के तहत अब पांच साल सेवा पूरी कर चुके एसपी रैंक के अधिकारी सीबीआई में भी योगदान दे सकते हैं। इससे संबंधित आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा जारी कर दिये गये हैं। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड समेत अन्य राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है।

**पूर्व के आदेश में एनआईए, रॉ और आईबी में दे सकते थे योगदान :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस कार्यकाल नीति 2010 के तहत पूर्व में आदेश जारी किया था कि पांच साल की सेवा पूरी कर चुके एसपी रैंक के अधिकारी सिर्फ एनआईए, रॉ और आईबी में योगदान दे सकते है लेकिन अब इस आदेश में संशोधन किया गया है। अब पांच साल की सेवा पूर्ण कर एसपी रैंक के अधिकारी एनआईए, रॉ, आईबी के अलावा सीबीआई में भी योगदान दे सकते हैं।

बालू की कालाबाजारी में सरकार को बताया संलिप्त, कहा- चुनाव में मिलेगा सबक

## हमारी मांगें नहीं मानी तो हेमंत सरकार से एक नवंबर को वापस ले लेंगे समर्थन: कमलेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के विपरीत काम कर रही है। हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग 2021 से हो रही है मगर सरकार ने मांगें नहीं मानी। ऐसे में अगर 31 अक्टूबर तक मांग पूरी नहीं होंगी तो हम हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे। श्री सिंह सोमवार को प्रेस क्लब, रांची में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि राज्य में सरकार, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ से बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू में सुखाड़ है, ऊपर से बालू की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यहां निर्माण कार्य ठप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। सरकार बालू की कालाबाजारी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। अगर बालू घाट की नीलामी जल्द नहीं हुई तो पार्टी राज्य में बड़ा आंदोलन करेगी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर एनसीपी अजित पवार गुट एनडीए के साथ हैं और इंडिया गठबंधन के साथ उनका कोई नाता नहीं है। हम विगत साढ़े तीन साल तक यूपीए को समर्थन देते रहे मगर जिस तरह से जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं को धूमिल किया गया कि उनके साथ यहां रहना बेहद ही मुश्किल है।

**12 अक्टूबर को पक्ष रखेंगे :** एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि वे घड़ी छाप के साथ हैं और ये किसका होगा यह चुनाव आयोग तय करने वाला है। विधानसभा में जो शिकायत दी गई है वह 10वीं अनुसूची का मामला नहीं है।

### भाजमो का महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ सम्मेलन कल

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा की ओर से धनबाद में जयप्रकाश नारायण की जयंती के पावन अवसर पर चलो चले परिवर्तन की ओर महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य के भाजमो पदाधिकारी जिला अध्यक्षों के साथ प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन 11 अक्टूबर दिन बुधवार को कोयला नगर कम्युनिटी हॉल धनबाद में रखी गई है। यहां भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अलग-अलग जिले से पदाधिकारी भाग लेंगे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार बेरोजगारी कुशिक्षा सरकार द्वारा झूठे वादों पर चर्चा होगी। जयप्रकाश नारायण ने युवाओं को लेकर कुशिक्षा, भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी पर 1974 आंदोलन किया था। युवाओं को जगाया संगठित किया और युवाओं ने देश की सत्ता को बदला। यह जानकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने दी है।

## दुमका में भी खुलेगा आवास बोर्ड का कार्यालय : संजय पासवान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के बाद दुमका में भी आवास बोर्ड का कार्यालय खुलेगा और एक्टिव मोड में कार्य करेगा। इसके लिए दुमका डीसी से जमीन की डिमांड की गयी है। यह निर्णय सोमवार को झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 72वीं बैठक में संजय पासवान की अध्यक्षता में लिया गया।

बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बताया कि बैठक में 13 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि दुमका में आवास बोर्ड का कार्यलय खोलने के अलावा बोर्ड अब रांची में गेस्ट हाउस की व्यवस्था के लिए अस्थायी तौर पर हरमू या अरगोड़ा में बने अपने आवास का ही उपयोग करेगा। इसके अलावा बैठक में तय हुआ कि रेवांता सोलंकी को सुप्रीम कोर्ट में बोर्ड के पैनल अधिवक्ता के तौर पर नियुक्त किया जायेगा। मौके पर आवास बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू भी उपस्थित थे।

**अध्यक्ष, सदस्यों की वेतन वृद्धि पर बनी सहमति :** संजय लाल पासवान के मुताबिक बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन वृद्धि पर भी सहमति बनी। इस संबंध में मंत्रिमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखंड को प्रस्ताव भेजा जाना है। इसके अलावा रांची के हरमू सहित अन्य स्थानों पर आवास बोर्ड की जमीन पर बने क्वार्टरों की चाहरदीवारी निर्माण को लेकर भी बात बनी। जो लोग आवास बोर्ड की जमीन पर बने मकानों का व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं, उन्हें 15 दिनों में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। साथ ही प्रावधान के मुताबिक उन्हें जुर्माना भी देना होगा। आवास बोर्ड के बने मकानों का इस महीने या अगले महीन ई-लॉटरी के जरिये आवंटन प्रक्रिया संपन्न होगी। दुकानों के नीलामी की भी योजना है।

### झारखंड टेट नियमावली में तीसरे संशोधन की तैयारी

रांची। झारखंड में सात वर्षों से शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) का आयोजन नहीं हुआ है लेकिन जेटेट नियमावली में तीसरे संशोधन की तैयारी हो रही है। मौजूदा नियमावली के कुछ बिंदुओं को लेकर जैक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से सुझाव मांगा था। इसी के आलोक में विभाग ने नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार, इस बार झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए निर्धारित समय और विषय अनिवार्यता के प्रावधानों में बदलाव किया जा सकता है। बताते चलें कि जेटेट के लिए पहली नियमावली वर्ष 2012 में बनायी गयी थी, जिसके आधार पर वर्ष 2013 और वर्ष 2016 में परीक्षा हुई। इसके बाद नियमावली में संशोधन की प्रकिया शुरू की गयी। वर्ष 2019 में नियमावली में संशोधन को कैबिनेट से स्वीकृति मिली। विभाग द्वारा परीक्षा लेने के लिए जैक को प्रस्ताव भेजा गया।

मामले में एक बार हाइकोर्ट से मिल चुका है स्टे

## झारखंड में एक बार फिर हो रही परिवहन शुल्क बढ़ाने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**डीएल से लेकर परमिट शुल्क तक बढ़ेगा**

राज्य में नयी दर से ही ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस सहित अन्य कार्यों के लिए निर्धारित शुल्क में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। आवेदन शुल्क, फोटोकॉफी शुल्क इत्यादि में भी बढ़ोतरी की गयी है। हालांकि शुल्क वृद्धि के खिलाफ झारखंड बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी और इसी आलोक में स्टे लगा था।

रांची। राज्य सरकार एक बार फिर से परिवहन शुल्क बढ़ोतरी की तैयारी में है। शुल्क बढ़ोतरी संबंधी अधिसूचना का प्रारूप भी जारी कर दी गयी है। इसके लिए 21 दिनों में वाहन संचालकों से आपत्तियां मांगी गई है। हालांकि बढ़ोतरी को लेकर वाहन संचालकों में काफी रोष है। अगले एक- दो दिनों में वह इस मामले को लेकर कड़ी आपत्ति जताने की तैयारी में हैं। बताते चलें कि इससे पूर्व झारखंड उच्च न्यायालय ने 28 जुलाई को एक याचिका की सुनवाई में परिवहन विभाग के द्वारा 10 अगस्त 2021 के जारी अधिसूचना को प्रभावी करने पर रोक लगा दिया था। इस अधिसूचना के माध्यम से भी शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया था।

**नए नोटिफिकेशन में पुरानी अधिसूचना हुई रद्द :** कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड सरकार ने भी यह माना था कि उक्त अधिसूचना मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार नहीं है, ऐसे में नई अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके बाद परिवहन विभाग ने जैप आइटी सहित सभी जिला परिवहन कार्यालय को पुराने दर पर ही परिवहन शुल्क वसूलने का आदेश दिया था। हालांकि, उस वक्त 10 अगस्त 2021 को जारी नोटिफिशन को रद्द भी नहीं किया गया। इधर चार अक्टूबर को जारी नये नोटिफिकेशन प्रारूप में 10 अगस्त 2021 की अधिसूचना को विलोपित करने का आदेश दिया गया है। सरकार ने राजस्व वृद्धि को देखते हुए शुल्क बढ़ाने पर अब निर्णय लिया है।

### अविनाश पांडेय से मिले आदित्य विक्रम



रांची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल सोमवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे से मुलाकात किया। इस दौरान आदित्य जयसवाल ने प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की गठन, थिंक-2024 एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया। जिसमें मुख्य रूप से चर्चा हुई कि ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस झारखंड के द्वारा जमशेदपुर, धनबाद, गोड्डा और पलामू जिले में थिंक 2024 के तहत आगे सम्मेलन रखा जायेगा।

## जनसुनवाई में मंत्री आलमगीर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, समाधान का दिया भरोसा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों का जन-सुनवाई कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार को जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस भवन में कल जन-सुनवाई में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को निराकरण करने का निर्देश दिया। फरियादियों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया।

इस जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गुमला, गिरिडीह बोकारो, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे। जनसमस्या में प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांसफारमर लगाने, नाली निर्माण, रोड निर्माण, विधवा महिलाओं को भीम राव अंबेड़कर आवास आवंटन करने, पारिवारिक फैसले के संबंध में घर एवं जमीन, छात्रावास निर्माण, जल मीनार मरम्मत से संबंधित थे। जनसुनवाई में एक कैंसर मरीज का परिवार मदद के लिए आया था, जिसके फाइल को अपने मंतव्य के साथ स्वास्थ्य मंत्री को भेज दी गई। इसी तरह चंदनकियारी से एक फरियादी शिकायत करने आये थे कि 2016-17 के किसान राहत कोष का पैसा अभी तक अन्नदाताओं तक नहीं पहुंचा है, जबकि विभाग द्वारा पैसा दे दिया गया है।




**बेड़ो से आया रोचक मामला :** बेड़ो से मुकेश कुमार साहू सभी कागजातों के साथ शिकायत लेकर आलमगीर आलम के जनसुनवाई में पहुंचे थे। उनकी शिकायत थी कि उनके गांव में दो भाई गलत तरीके से चीक बड़ाइक (आदिवासी) बनकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं लेकिन जब वे जमीन की खरीद बिक्री करते हैं, तब वे दोनों यदुवंशी क्षत्रिय बन जाते हैं। वे दोनों अब उनकी पांच डिसमिल जमीन को भी गलत तरीके से कब्जाना चाहते हैं। इस मामले को सुनने के बाद मंत्री ने जांच कराने के निर्देश दिए।

### जनता की शिकायतों को जानने का मिलता है मौका : आलमगीर

जनसुनवाई के बाद आलमगीर ने कहा कि जनसुनवाई काफी लोकप्रिय हो रही है। जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान की कोशिश होती है। मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई से जनता के बीच की शिकायतों को जानने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें दूसरे विभाग की होती हैं। ऐसे में जब कैबिनेट मीटिंग या अन्य जगहों पर दूसरे मंत्रियों से मिलने का उन्हें मौका मिलता है, तब उस वक्त इनकी शिकायतों पर भी वे चर्चा करते हैं। आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान का लक्ष्य है कि राज्य की जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। इसलिए जनसुनवाई को हर सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन की स्थिति बेहतर



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरन की स्थिति में पहले से सुधार है। सोमवार को भी वे अस्पताल में चिकित्सकों की गहन निगरानी में रहीं। डॉक्टरों के मुताबिक वह, निमोनिया से पीड़ित हैं। चेस्ट इंफेक्शन के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही थी। दवाएं दी जा रही है। अस्पताल के निदेशक डॉ. नितेश प्रिया ने बताया कि उनकी स्थिति रविवार की तुलना में काफी बेहतर है। अभी एक-दो दिन अस्पताल में ही चिकित्सकों की निगरानी में रहने के बाद उन्हें छुप्ती दी जाएगी। डॉ. उज्जवल की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

इस्लामिक स्टेट का झारखंड कनेक्शन

## लोहरदगा के फैजान से कनेक्शन की होगी तलाश रिमांड पर झारखंड लाये जायेंगे गिरफ्तार आतंकी

**एनआइए की टीम जायेगी दिल्ली**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया या इस्लामिक स्टेट का कनेक्शन झारखंड में भी है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब झारखंड के रहने वाले लोगों की गिरफ्तारी हुई। दो दिन पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया। इनका कनेक्शन झारखंड से है। इन तीन में दो लोग हजारीबाग और गढ़वा के रहने वाले हैं। तीसरा का कनेक्शन भी मीडिया रिपोटर्स के मुताबिक झारखंड से है। इससे पहले जुलाई में एक गिरफ्तारी झारखंड के लोहरदगा से हुई। इस तरह इस्लामिक इस्टेट कनेक्शन के चार लोगों की गिरफ्तारी झारखंड से हो चुकी है।

### फैजान से कनेक्शन की होगी तलाश

दो दिन पहले जिन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ के लिए रांची एनआईए उन्हें रिमांड में लेने की तैयारी कर रही है। दरअसल जुलाई में लोहरदगा से गिरफ्तार किए गए फैजान से उनके क्या कनेक्शन हैं, इसकी तलाश की जाएगी। इसकी तैयारी झारखंड स्तर से हो गई है। सूत्रों की मानें तो एनआईए की एक टीम दिल्ली जाने की तैयारी में है। यही टीम गिरफ्तार तीनों आतंकियों को झारखंड लेकर आएगी और पूछताछ करेगी।

गौरतलब हो कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जिन तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है उनके नाम मो शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा, मो रिजवान अशरद और मो अरशद वारसी है। दिल्ली के जैतपुर से मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा, लखनऊ से मोहम्मद रिजवान अशरद और मुरादाबाद से मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया गया है।

### त्योहारों में आतंक फैलाने की है बात

पुलिस की जांच में सामने आया है कि गिरफ्तारी आतंकी त्योहारों के दौरान आतंक फैलाने वाले थे। खबरों के मुताबिक इन लोगों ने दिल्ली, अयोध्या सहित देश के कई महत्वपूर्ण स्थलों की रेकी कर रखी थी। इनके पास से धार्मिक स्थलों से संबंधित मानचित्र आदि भी मिले हैं, जहां ये बम प्लांट करने की योजना बना रहे थे। इसमें से शाहनवाज की तलाश पुणे कांड को लेकर हो रही थी। इसका पासपोर्ट रांची में 31 अक्टूबर 2016 को बना था, जिसकी वैधता 30 अक्टूबर 2026 तक है।

# पंडालों में ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग वर्जित, थाना से समन्वय बनाते हुए करेंगे विसर्जन : डीसी

## दुर्गापूजा के दौरान हर पंडाल पर रहेगी सख्त सुरक्षा व्यवस्था : एसएसपी



केंद्रीय शांति समिति की बैठक के दौरान उपस्थित डीसी मंजूनाथ भजन्त्री एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार व एसडीओ पियूष सिन्हा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा के आयोजन को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ बैठक की गई। बैठक में विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, भीड़ को व्यवस्थित करने, सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में डीडीसी मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न पूजा समितियों से संबंधी अपनी बातें रखी, जिसमें साफ-सफाई, जलापूर्ति, निर्बाध बिजली आपूर्ति, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, सड़क मरम्मतीकरण, ड्रॉप गेट, विसर्जन घाट पर आवश्यक व्यवस्था किए जाने संबंधी अपने सुझाव रखे जिसपर जिला प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया। थानावार किए गए शांति समिति की बैठक के फीडबैक पर कार्य किया जा रहा है, ससमय व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम का दुगार्पूजा अपनी भव्यता और आस्था के लिए देशभर में विख्यात है। उन्होंने कहा कि बिना किसी समस्या का इतने सालों से संचालन करने का श्रेय यहां के जिलावासियों को जाता है और यह भी जिम्मेदारी देता है कि इस वर्ष तथा आने वाले वर्षों में भी उसी शांति को बरकरार रखते हुए पूजा करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा त्यौहार में सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू हो इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है, समय और संसाधन के अभाव में भी हरेक समस्या का समाधान किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रति कार्य किए जा रहे हैं जिसमे आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

### पंडालों में हो इमरजेंसी निकास द्वार

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा क्राउड मैनेजमेंट बहुत जरूरी है जिससे अनुशासनात्मक तरीके से आवागमन किया जा सके। महिलाओं और पुरुषों का प्रवेश और निकास अलग अलग हो यह सुनिश्चित किया जाए। ध्यान रखा जाए कि किसी भी समय पंडाल की क्षमता से अधिक लोग पंडाल के अंदर न हो। हर पंडाल में खास कर बड़े पंडालों में एक इमरजेंसी निकास द्वार जरूर हो। सीसीटीवी पंडाल और मेला परिसर में लगाया जाए तथा आयोजन समिति का एक सदस्य और एक कांस्टेबल द्वारा लगातार वीडियो की मॉनिटरिंग की जाए। समिति के द्वारा वॉलंटियर का लिस्ट थाना को उपलब्ध करवाया जाए और थाना प्रभारी द्वारा वॉलंटियर की ब्रीफिंग किया जाए। अग्निशमन वाहन के लिए अप्रोच रोड उपलब्ध रहे। बिजली के खुले व झूलते तार न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा पंडालों में फर्स्ट एड बॉक्स हमेशा उपलब्ध रखा जाए।

**तय विसर्जन रूट में बदलाव नहीं करें :** उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रही है। उन्होंने तय विसर्जन रूट का इस्तेमाल करने की बात कही और कहा कि अंतिम समय में कोई भी फेरबदल न किया जाए। स्थानीय थाना के साथ समन्वय बनाते हुए विसर्जन घाट जाएं। सभी पंडालों में जनरेटर की व्यवस्था और माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रखें। पंडालों के बाहर पार्किंग व्यवस्था पूर्व से ही चिन्हित हो। महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता है। इस तरह की समस्याओं से निपटने के लिए महिला वॉलिंटियर्स को रखा जाए। सीसीटीवी में रिकॉर्डिंग हो रहा हा या नहीं इसे पहले से जांच लें। सभी पंडाल समिति विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग से एनओसी जरूर लें। सोशल मीडिया को लेकर उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से गलत तथ्यों को फारवर्ड करते हैं। सभी लोगों को इसको लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईटी एक्ट काफी सख्त है। किसी भी तरह के फेक वायरल न्यूज को फॉरवर्ड नहीं करें तथा थाना, सीओ, बीडीओ या प्रशासन के वरीय पदाधिकारी से बात कर उसके सत्यता की जांच कराएं। उन्होने समस्त जिलावसियों से सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न कराने में जिला प्रशासन को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की अपील की।

## स्पीड न्यूज

### बाबूलाल मरांडी से मिले डॉ जटाशंकर पांडेय



**जमशेदपुर।** सर्किट हाउस में बाबूलाल मरांडी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते भाजपा बुद्धिजीवी मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो डा जटाशंकर पांडेय। जटाशंकर पांडेय बाबूलाल मरांडी के पुराने सहयोगियों में एक हैं जिनसे उनका निजी व आत्मीय जुड़ाव भी है।

### डीसी और एसएसपी ने की पेश-ए-इमामों के साथ बैठक



जमशेदपुर। दुर्गा पूजा को लेकर जमशेदपुर पेशे-ए- इमाम मस्जिद के अध्यक्ष एवं अन्य विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक जिला के उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई इस मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री एवं वरीय आरक्षि अधीक्षक कौशल किशोर एवं एसडीएम बैठक में मौजूद रहे जहां दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वही उपायुक्त ने कहा की मस्जिदों के अध्यक्ष और पेशे इमाम से आग्रह किया कि दुर्गा पूजा के समय में किसी तरह का भी कोई वायरल वीडियो या फेक न्यूज कोई वायरल करता है तो उसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दे ताकि पूजा के समय में किसी तरह का कोई वारदात उत्पन्न ना हो । वहीं सीनियर एसपी कौशल किशोर ने कहा के मस्जिद समितियां से आग्रह किया गया है कि आपस में सामंजस्य बनाकर भाईचारे के साथ पूजा को संपन्न करना है साथ ही उन्होंने शहर के संवेदनशील क्षेत्र में पूजा के समय कोई दिक्कत ना हो इसको लेकर भी दिशा निर्देश दिये।

### बीपीएम प्लस टू उच्च विद्यालय बर्मा माइंस में चला स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता क्लब का गठन किया गया और इको क्लब के बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई तथा बच्चों के द्वारा पेड़ पौधे की भी देखरेख की गई उसके अगल-बगल गंदगी को साफ किया गया। एक्टिविटी इंचार्ज शिक्षिका कुमुद ठाकुर ने और अर्चना ने कार्य का निरीक्षण किया और प्रिंसिपल रंजीत गांधी ने कहा की बहुत अच्छा कार्य विद्यालय परिसर के अंदर इको क्लब के द्वारा किया गया। और प्रिंसिपल की देखरेख में कार्य संपन्न हुआ।

### मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय में प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

जमशेदपुर। सोमवार को मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय न्यू बाराद्वारी में सम्पन्न बैठक में निबंध प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के छह प्रतियोगिताओं को पुरस्कृत किया गया। निबंध महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी पर था। डॉक्टर त्रिपुरा झा सुरेश चंद्र झा अर्जुन सिंह सूर्य प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों का पुरस्कृत किया। पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष कौशिक का सहयोग सराहनीय रहा ।

### विधायक ने सिंहभूम कालेज में किया बोर्ड आफ गवर्नेंस की बैठक

चांडिल। सिंहभूम कॉलेज चांडिल में सोमवार को कॉलेज के स्टाफ कक्ष में विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक हुई। विधायक सविता महतो सिंहभूम कॉलेज चांडिल के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की चेयरमेन हैं। कॉलेज में रूसा फंड से बन रहे बिल्डिंग में एक अतिरिक्त क्लास रूम बनाने पर बी ओ जी की मीटिंग में सर्वसम्मति बनी। विधायक ने कहा कॉलेज में नया भवन बनने से ईचागढ़ विधानसभा के छात्र छात्राओं को पठन-पाठन में सुविधा होगी।

# भारी अव्यवस्था के बीच जमशेदपुर पहुंची बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा

## प्रेस फोटोग्राफरों से मरांडी के सुरक्षाकर्मियों ने की हाथापाई, ठेला-ठेली

## अराजक कार्यकर्ताओं को संभालने में सुरक्षाकर्मियों के छूटे पसीने



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की राज्यव्यापी संकल्प यात्रा दो दिवसीय प्रवास पर सोमवार को जमशेदपुर पहुंची। भारी अव्यवस्था, अराजकता के बीच संध्या 6 बजे बाबूलाल मरांडी का काफिला आदित्यपुर पुल के रास्ते जमशेदपुर पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात प्रथम शहर आगमन पर पांच हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका अभूतपूर्व स्वागत एवं अभिनंदन किया । इस दौरान भाजपा के अराजक कार्यकर्ताओं को संभालने में मरांडी के सुरक्षाकर्मियों के पसीने छूट गए। सुरक्षाकर्मियों ने अपनी खीझ प्रेस फोटोग्राफरों के साथ हाथापाई करके उतारी। खबर मन्त्र के फोटोग्राफर विनय को ठेल कर गिरा दिया गया, जबकि एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के फोटो ग्राफर संजीव दत्ता समेत दो के साथ सुरक्षाकर्मियों ने बिना वजह हाथापाई कर ली। सत्ता में आने से पूर्व की तपिस का आलम यह था कि इस दौरान एक भी भाजपाई प्रेस फोटोग्राफरों के पक्ष में नहीं आये। सभी मोबाइल से फोटो लेने में व्यस्थ रहे। कहने की बात नहीं की अरसे बाद जमशेदपुर महानगर एवं सहयोगी भाजपा संगठनों ने अपने नेता के स्वागत में पांच से अधिक कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटायी किन्तु इस भीड़ को सिस्टेमाइज करने की क्षमता दूर-दूर तक नहीं दिखी। इधर, आदित्यपुर पुल के समीप सरदार पटेल चौक पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गुंजन यादव समेत हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर लौहनगरी आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी ने शहर प्रवेश करने पर कार्यकर्ताओं के संग लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा व अन्य नेतागण मुख्यरूप से मौजूद रहे। वहीं, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ो एवं आतिशबाजी के बीच भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरा वातावरण भाजपामय कर दिया। सरदार पटेल चौक से कार्यकर्ता बाबूलाल मरांडी के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। आज पोटका, जमशेदपुर पुर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे बाबूलाल मरांडीः दो दिवसीय प्रवास पर जमशेदपुर पहुंचे। बाबूलाल मरांडी मंगलवार को सुबह 11 बजे, नेताजी सुभाष मैदान में पोटका विधानसभा की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, संध्या 4 बजे जमशेदपुर पुर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा की संयुक्त जनसभा को साकची स्थित बोधी मंदिर मैदान में संबोधित करेंगे। बुधवार को बाबूलाल मरांडी जुगसलाई विधानसभा की जनसभा को ब्लॉक ऑफिस मैदान, पटमदा में संबोधित करेंगे। जमशेदपुर महानगर की ओर से बाबूलाल की जनसभा की सफलता को लेकर सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, राजकुमार श्रीवास्तव, बिनोद सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, विकास सिंह, पंकज सिन्हा, राजन सिंह, राजीव रंजन सिंह, योगेश मल्होत्रा, डॉ राजीव, अनिल सिंह, कल्याणी शरण, कुसुम पूर्ति, सुधांशु ओझा, बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, अमित अग्रवाल, मुचिराम बाउरी, धर्मेंद्र प्रसाद, अजीत कालिंदी, मो निसार, बीनानंद सिरका, ज्योति अधिकारी, अभिमन्यु सिंह, नवजोत सोहल, प्रकाश दुबे, शशांक शेखर, संतोष, श्वेता, राजपति देवी, प्रीति सिन्हा, लकी सिंह, रेणु झा, कैलाशी सिन्हा, शुक्ला हलदर, मीरा शर्मा, अरविंदर कौर, रानी ठाकुर, सरस्वती साहू, सीमा जायसवाल समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टाटा स्टील ने सीनियर लीडर्स के लिए किया सेमिनार का आयोजन





सेमिनार को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी राजीव मंगल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने सोमवार को संगठन के सीनियर लीडर्स के लिए जैव विविधता पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में टाटा स्टील के 60 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन द बायोडायवर्सिटी कंसल्टेंसी के सदस्यों द्वारा किया गया था। सेमिनार का प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों को जैव विविधता की व्यापक समझ और वैश्विक कारोबार परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता प्रदान करना था। सेमिनार में जैव विविधता जोखिम प्रबंधन के संबंध में बिजनेस के भविष्य की अपेक्षाओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने संगठन में सर्वोत्तम अभ्यासों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रभावी जैव विविधता जोखिम प्रबंधन अभ्यासों में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। टाटा स्टील में सेफ्टी हेल्थ एंड सस्टेनबिलिटी के वाइस प्रेसिडेंट राजीव मंगल ने दर्शकों को संबोधित करते हुए नेचुरल बेस्ड सॉल्यूशन, भौतिकता अभ्यास और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के महत्व और कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता पर विशेष जोर दिया साथ ही जिम्मेदार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। सेमिनार में नेचर-पॉजिटिविटी और नेट-जीरो पर्यावरणीय प्रभाव की गंभीरता पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कंपनी की वर्तमान स्थिति की पहचान और इन लक्ष्यों की दिशा में प्रगति जारी रखने के लिए आवश्यक प्रमुख कार्यों की रूपरेखा तैयार की।

# महिला विवि के नये भवन में पढ़ाई में विलंब सरकार की अकर्मण्यता : दास





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 11 अक्टूबर के अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा स्थित नये यूनिवर्सिटी कैंपस में शैक्षणिक कार्य शुभारंभ होना खुशी की बात है, लेकिन इसमें अनावश्यक देरी राज्य सरकार की अकर्मण्यता का जीता जागता उदाहरण है। अपनी शुभकामना देते हुए यह बात कही है भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने। उन्होंने इस शुभ कार्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा है कि बहुत देर कर दी मेहरबां आते-आते। बिष्टुपुर स्थित महिला विवि परिसर से सिदगोड़ा के नये भवन में स्थानांतरण में चार साल लग जाना आश्चर्य की बात है। दास ने जमशेदपुर महिला विवि की स्थापना की चर्चा करते हुए बताया कि यह विवि भाजपा की डबल इंजिन सरकार की देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड के इस प्रथम महिला विवि का शिलान्यास 3 फरवरी 2019 को किया था। इसका उद्घाटन 29 दिसंबर 2021 को तत्कालीन राज्यपाल रमेश वैस एवं सीएम हेमंत सोरेन ने किया था। विवि भवन उद्घाटन के इतने दिनों के बाद 11 अक्टूबर को इस भवन में शैक्षणिक कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में मैंने कई बार मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। हाल में मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में आग्रह किया था कि महिला सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए इस पहले महिला विश्वविद्यालय की कमियों को दूर कर इसे बेहतर महिला विवि बनाया जाय। दास ने बताया कि उन्होंने सीएम से महिला विवि के बगल में निर्मित जमशेदपुर प्रोफेशनल इंजीनियरिंग कॉलेज की दुर्दशा की भी चर्चा की थी। गौरतलब है कि जमशेदपुर महिला विवि भवन के बगल में 2019 में 27 करोड़ की लागत से जमशेदपुर प्रोफेशनल इंजीनियरिंग कॉलेज भवन बनकर तैयार हो गया था। एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त यह कॉलेज प्रारंभ होने से पूर्व खंडहर बन चुका है। सरकार की अनदेखी के कारण इस कॉलेज भवन की खिड़की और दरवाजे तक को चोर ले गये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बार पुनः मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कोल्हान के व्यापक हित में इस कॉलेज को खोलने के लिए सक्रिय पहल की जाये।

## एसएसपी से मिला सिंहभूम चैंबर का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम जिला के वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल से मुलाकात कर उनसे शहर की विधि-व्यवस्था, ट्राफिक व्यवस्था, बाजारों एवं सड़कों में अतिक्रमण को लेकर उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी।

# अग्रसेन जयंती पर तोल मोल के बोल का आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के तहत आज अग्रसेन जयंती के दूसरे दिन का कार्यक्रम राजस्थान भवन मानगो में संपन्न हुआ। अग्रवाल सम्मेलन मानगो शाखा, राजस्थान नवयुवक संघ एवं मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील्स कालीमाटी शाखा के संयुक्त तत्वाधान में दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कांच की बॉटल सजाओ प्रतियोगिता में रहे ये विजेता : प्रथम पुरस्कार रूपा अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार श्रेया अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार शोभा अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल को प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक सुजाता गोयल एवं अनिता अग्रवाल रहीं। विजेताओं को 15 अक्टूबर को मुख्य समारोह में जीवनी दामोदर मोदी सभागार, साकची में पुरस्कृत किया जाएगा।

**तोल मोल के बोल**

एक आकर्षक प्रतियोगिता तोल मोल के बोल का आयोजन किया गया। जिसमें संचालन अंकिता लोधा ने किया। मंच से संचालक द्वारा पांच कूपन निकाले गये जिनके नंबर निकले, वे पांचों दर्शक मंच पर आये। संचालक द्वारा उन्हें एक प्रॉडक्ट दिखाया गया और पांचों प्रतिभागियों से उसका मूल्य पूछा गया जिस प्रतिभागी द्वारा बताई गई कीमत, प्रॉडक्ट की असली कीमत के सबसे करीब हुई, वह प्रॉडक्ट उस प्रतिभागी का हो गया। लगभग तीस पुरस्कार वितरीत किये गए।

# एक्सएलआरआइ में कंसल्टिंग कॉन्क्लेव फलक्रम 2023 का हुआ समापन

इंसान को टेक्नोलॉजी रिप्लेस नहीं कर सकता है, टेक्नोलॉजी को होना होगा मैच्योर : अरविंद लड्ढा

ह्यूमन स्किल, इनोवेशन और आपसी मदद से ही हासिल की जा सकती है सफलता : नवनीत सिंह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में कंसल्टिंग कॉन्क्लेव फलक्रम 2023 का आयोजन किया गया। कौटिल्य कंसल्टिंग क्लब एवं पीजीडीएम (जीएम) बैच 2023-24 द्वारा आयोजत इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न कंसल्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। फलक्रम 2023 में सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन करने पर अलग-अलग पैनलिस्टों ने इंडस्ट्री 5.0, जेनरेटिव एआई और अन्य उभरती अवधारणाओं पर अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम की शुरूआत डीन एडमिनिस्ट्रेशन फादर डोनाल्ड व डीन एकेडमिक प्रो संजय पात्रो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने उद्घाटन भाषण देते हुए अनिश्चितताओं से बचने और टिकाऊ प्रक्रियाओं को स्थापित करने में कुशल संसाधन प्रबंधन और डेटा संचालित निर्णय लेने की प्रासंगिकता पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने फलक्रम 2023 के आयोजन समिति में शामिल सदस्यों की सराहना की। कार्यक्रम के सत्र में जेनरेटिव एआईः द फ्यूचर ऑफ बिजनेस एंड' विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। संचालन प्रोफेसर गुरुनाथन एल ने किया। इस दौरान मर्सर के भारत में अध्यक्ष अरविंद लड्ढा ने भविष्य में टेक्नोलॉजी की प्रगति के साथ अपस्किलिंग के महत्व पर अपनी बातों को रखा। कहा कि टेक्नोलॉजी कभी भी इंसान के माइंड को रिप्लेस नहीं कर सकता है। ऐसा करने से पूर्व टेक्नोलॉजी को और अधिक परिपक्व होना पड़ेगा।

### उद्योगों के विस्तार में स्टार्टअप का भी है अहम योगदान

इससे पूर्व कॉन्क्लेव की शुरूआत कोर्न फेरी (भारत) के अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक नवनीत सिंह के मुख्य भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि आज मानव संसाधन सबसे सीमित लेकिन सबसे मूल्यवान संसाधन बने हुए हैं। इस दौर में इनोवेशन के साथ ही मूलभूत कौशल के साथ ही आपसी सहयोग की भावना से ही सफलता हासिल की जा सकती है। सफलता को केवल परिणामों के बजाय प्रक्रिया में निवेश किए गए प्रयास से मापा जाता है। इस दौरान इंडिया @100 पर ईवाई पार्थेनन के पार्टनर आदित्य शांगलू ने भारत की प्रगति, विशिष्ट समस्याओं के समाधान और जटिल उद्योगों में विस्तार में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्योगों के विस्तार में स्टार्टअप का अहम योगदान है।

### सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए समय-समय पर बिजनेस स्ट्रेटेजी में हो बदलाव

इंडस्ट्री 5.0 : ट्रांसफॉर्मिंग फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ एंड चेंज इन बिजनेस इंडस्ट्री थीम पर आयोजित इस पैनल डिस्कशन का संचालन प्रोफेसर सुनील कुमार सारंगी ने किया। चर्चा में इंफोसिस कंसल्टिंग के पार्टनर इंदर दुआ ने उद्योग 5.0 पर फार्मास्युटिकल क्षेत्र के प्रभाव को रेखांकित किया, स्थिरता पर बल दिया। भविष्य के उपभोक्ता अमूर्त पहलुओं को प्राथमिकता देते हैं, मानव-मशीन सहयोग और बड़े पैमाने पर अनुकूलन के युग की शुरूआत करते हैं।

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर, 2023**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,-834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651-2450822, 2451115, 2450448

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

सत्यमेव जयते

RANCHI

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श व्हाट्सअप नं: 9334915057, कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
  हेल्पलाइन नं.: 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915056, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
  दूरभाष संख्या: 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- टेली-मानस सेवा: निःशुल्क 24x7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नम्बर: 14416 या 1800-89-14416
- साइको सोशल परामर्श सेवा मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार : मूड डिसऑर्डर्स क्लिनिक, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स क्लिनिक, पोस्ट-कोविड क्लिनिक
- मंगलवार : निद्रा डिसऑर्डर्स क्लिनिक, मेमोरी डिसऑर्डर्स क्लिनिक
- बुधवार : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया क्लिनिक, साइकोडर्माटोलॉजिकल डिसऑर्डर क्लिनिक, धूम्रपान निरोधक क्लिनिक, नशाविमुक्ति क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक और साइकोसेक्सुअल डिसऑर्डर क्लिनिक
- गुरूवार : मिर्गी क्लिनिक, मूवमेंट डिसऑर्डर्स क्लिनिक एवं क्रोनिकल पेन क्लिनिक
- शुक्रवार : वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- शनिवार : सिरदर्द डिसऑर्डर्स क्लिनिक, व्यक्तित्व डिसऑर्डर्स क्लिनिक, तंबाकू समाप्ति क्लिनिक, ड्रग डी-एडिक्शन क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक
- प्रतिदिन : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी.

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ • उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड • परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला • पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास • टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- बेस्ट बोकारो (घाटो) • हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो • दीपशिखा, आईसी.डी. एवं एम.एच.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- आस्था सेल दीपाटोली कैंट एवं सैनिक अस्पताल-नामकुम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा)
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेयर क्रोमेटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन-स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- -80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32-64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64-, 128-, 192-, 256- चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40-, 128- चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. - ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमुलेशन
- फंक्शनल नियर-इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कॉपी (एफएनआईआरएस)

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी-फंक्शनल एम.आर.आई. स्कैन
- एम.आर.आई. ब्रेन (रू. 2000/-लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रू. 3000/- लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई-फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 200 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजीटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz ऑपट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम
- एस.ए.एन. स्टोरेज सिस्टम (40 TB)

**स्वचालित रसोई एवं मिनरल वाटर सप्लाई**
- स्वचालित गैस एवं वाष्पचालित चूल्हा
- स्वचालित आटा गूंथने एवं रोटी बनाने की मशीन
- पल्वराइजर

40 Kg इन्सिनरेटर (जैविक कचरा प्रबंधन हेतु)

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई-मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

स्पीड न्यूज

# पुत्र ने लाठी से पीटकर पिता को मार डाला

## ●मरने के बाद भी शव को लाठी से पीटता रहा कलयुगी बेटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के जरीडीह थाना क्षेत्र के अराजू गांव के चालमूंड़री में पिता-पुत्र के रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह उर्फ गोलक को हिरासत में ले लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही है। अराजू के चालमुंड़री टोला निवासी अर्जुन सिंह उर्फ गोलक अपने पिता बुधन सिंह से शराब के लिए लगातार पैसों की मांग करता रहता था। पहले से ही नशे में धुत्त बेटे ने पिता से पैसे की मांग की और पैसे नहीं देने से गुस्साये बेटे ने लाठी उठाकर पिता की पिटाई शुरू कर दी। जिससे पिता बुधन सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। वह इतना नशे में था कि पिता की मौत के बाद भी वह लाठी से उसे पीट ही रहा था। इसी बीच आसपास के लोगों की नजर उसपर पड़ी और उसे दबोच लिया।

### लोगों ने पुत्र को बनाया बंधक

पड़ोसियों ने घटना की सूचना के बाद बेटे के हाथ से लाठी छीनकर उसे बंधक बना लिया। इसी बीच ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। जन प्रतिनिधियों द्वारा घटना की सूचना जरीडीह थाना को दी गयी। थाना प्रभारी अमित कुमार तुरंत घटनास्थल पहुंचे और आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चास भेजने की तैयारी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बेरमो : हाइवा के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, सड़क जाम

**बेरमो।** दुग्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुग्दा बस्ती निवासी 40 वर्षीय निमाय साव की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक निमाय साव दुग्दा बस्ती से अपने ससुराल लौहापट्टी जा रहा था। उसी दौरान जमुनिया नदी पुल के पास महुदा थाना के ग्राम रक्षा दल के ठीक सामने संध्या लगभग सात बजे विपरीत दिशा से आ रहे कोयला से लदे हाइवा ट्रक संख्या ने बाइक सवार निमाय साव को टक्कर मार दिया, जिससी उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि ट्रक का टायर निमाई साव की शरीर पर चढ़ा कर गुजर गया था। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना महुदा थाना क्षेत्र के जमुनिया नदी पुल के समीप ग्राम रक्षा दल के आंखों के सामने घटी।

### ग्रामीणों ने की सड़क जाम

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित भीड़ को देख ग्राम रक्षा दल के सभी सदस्य वहां से फरार हो गए। वहीं परिजनों का कहना है कि जबतक उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक मृतक का शव नहीं उठाया जाएगा और न ही सड़क जाम हटेगा। घटना की जानकारी मिलते ही जिप सदस्य संतोष पांडे, विधायक प्रतिनिधि संतन सिंह, दुग्दा पूर्वी मुखिया रीत लाल रजक, कांग्रेस नेता प्रभु दयाल सिंह, कमलेश दसौंधी, उप मुखिया विरेन्द्र गोप घटना स्थल पर पहुंच चुके थे।

## पिटाई से घायल ट्रक चालक की मौत

**चिरकुंडा।** झारखंड बंगाल के सीमा पर स्थित डीबुहडीह चेक पोस्ट के समीप कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी ट्रक चालक 31 वर्षीय सुबोध कुमार यादव उर्फ छोटू को अधमरा अवस्था में देखे जाने की सूचना क्षेत्र में जंगल में लगे आग की तरफ फैल गई। सूचना मिलते ही छोटू यादव का भाई आशीष यादव डीबुहडीह पहुंचकर उसे स्थानीय नर्सिंग होम में ले गए। जहां उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बंगाल भेज दिया गया, जहां उसकी मौत इलाज के दौरान हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव दलबल के साथ कुल्टी पहुंचे जहां उन्होंने मृतक सुबोध यादव के भाई से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली। बताया गया कि भाई घायल अवस्था मे रवि नामक व्यक्ति का नाम बार बार ले रहा था जिसने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। जिससे उसके दोनों पांव एवं छाती में गंभीर चोट आई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

## खैराचातर में गायत्री परिवार की बैठक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत खैराचातर में कसमार जरीडीह प्रखंड के गायत्री परिवार का विशेष बैठक व गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लिपु निवासी चन्द्रकांत महतो व संचालन गिरिवर कुमार महतो व रमेश कुमार महतो ने किया। इस दौरान आगामी 15 अक्टूबर को नवरात्रा अनुष्ठान गायत्री प्रज्ञापीठ मंजूरा में करने का निर्णय लिया गया। कसमार प्रखंड गायत्री परिवार के समन्वयक सह सक्रिय कार्यकर्ता गिरिवर कुमार महतो ने कहा कि गायत्री प्रज्ञापीठ के विकास को लेकर साधनात्मक आंदोलन तेज किया जाएगा। मौके पर सुधीर महतो सर्वेश्वर दास महतो गिरिधारी महतो डॉ हरिदास महतो रमेश महतो भुनेश्वर महतो कौशल किशोर जायसवाल मनमोहन तिवारी उमाचरण महतो दिनेश करमाली गीता देवी पूजा कुमारी तनुश्री कुमारी साबित्री देवी कल्पना देवी रूबी देवी तपो देवी रेखा देवी प्रिति कुमारी निरंजन महतो मनोज महतो अजय महतो फागु महतो दयाल महतो अर्जुन महतो दिगम्बर महतो महानंद महतो दिलीप महतो आदि मौजूद थे।

## चिरकुंडा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अभियान के तहत सोमवार को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद के कर्मियों के साथ आमलोगों का भी जांच किया गया। विशेषकर नप कार्यालय में कार्यरत सफाई कर्मी के स्वास्थ्य का जांच किया गया। शिविर में डॉ हरवेंद्र सिंह, डॉ भगत, एएनएम होमा रानी द्वारा जांच कर दवा दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि जांच शिविर में जांच के दौरान यदि कोई गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज पाया जाएगा तो उसे बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा। कहा कि शिविर का आयोजन लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। मौके पर सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, निवर्तमान अध्यक्ष डबलू बाउरी, पर्यवेक्षक अनिल साव, अनुप कुमार, ओंकारनाथ श्रीवास्तव आदि थे।

## आईएसएम गेट से हीरापुर तक चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

### ■ जेसीबी से हटाई गई सैकड़ों अवैध दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नगर निगम दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त बनाने में जुट गया है। आज धनबाद आईआईटी आईएसएम गेट से लेकर हीरापुर तक धनबाद नगर निगम की टीम आज सुबह अतिक्रमण हटाने पहुंची जिसमें सैकड़ो दुकानदारों को पहले ही नगर निगम द्वारा नोटिस दिया गया था की अतिक्रमण को खुद हटा ले अन्यथा नगर निगम कार्रवाई करेगी। निगम के द्वारा कई अवैध दुकानों को तोड़ा गया साथ ही सड़क के दूसरे साइड के दुकानदारों को 3 दिनो का समय दिया गया, ताकि दुर्गा पूजा में शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त शहर को रखा जा सके। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि नगर निगम लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। कई दुकानदारों को पहले ही नोटिस दिया गया था कि सड़क किनारे से अपनी दुकान हटा ले आज जो दुकानदार अपनी दुकान सड़क के किनारे से नहीं हटाए उस पर कार्रवाई की गई। दुर्गा पूजा को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है ताकि शहर जाम मुक्त रह सके। अब आगे देखना है यह फुटपाथ के दुकानदार कितने दिनों तक चुपचाप घरों में बैठे रहेंगे।

## दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने रखी समस्याएं

### कतरास थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर कतरास थाने में शांति समिति के बैठक थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रणधीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जीएनएम दुर्गा पूजा समिति रेलवे दुर्गा पूजा समिति रानी बाजार दुर्गा पूजा समिति माल गोदाम दुर्गा पूजा समिति बांग्ला पड़ा दुर्गा पूजा समिति नदी किनारे दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने अपने-अपने समस्याओं को रखा। पूजा के दौरान साफ सफाई अतिक्रमण एवं सड़क पर टोटो द्वारा लगने वाले जाम का मुद्दा छाया रहा। इसके साथ ही रामकनाली ओपी में ओपी प्रभारी बीके चेतन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। शांति समिति की बैठक में बाघमारा एसडीपीओ सुश्री निशा मुर्मू कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह एस आई मुनीष तिवारी, सोनारडीह प्रभारी श्वेता कुमारी, बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद बिजली विभाग के एसडीओ राकेश कुमार महतो जूनियर इंजीनियर देवीलाल सोरेन सत्येंद्र कुमार पाल हरिप्रसाद अग्रवाल, मोहम्मद निसार, मोहम्मद असलम प्रिंस शर्मा कमलेश सिंह प्रभात मिश्रा, महेश पासवान जितेश राजभर रामबचन पासवान उदय वर्मा आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शाहबुद्दीन ने किया।

## स्कूल में बाल श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** संस्कार भारती बोकारो द्वारा सेक्टर 5 स्थित श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल में आयोजित श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता इंदु शेखर मिश्रा स्कूल की उपाध्यक्ष प्रभा एम नायर संस्कार भारती के क्षेत्र प्रमुख डॉ संजय कुमार चौधरी बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय ने किया। संस्कार भारती बोकारो इकाई की सह मंत्री अर्चना चौधरी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बालकृष्ण व राधा का रूप धरे प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधान व अदायगी से सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में अमरजी सिन्हा डॉ शुभ्रा मुखोपाध्याय व श्रीपर्णा घोष शामिल थीं। मुख्य अतिथि डॉ महापात्रा ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में संस्कार भरने का कार्य प्रशंसनीय व अनुकरणीय हैं। मंच संचालन संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष पीयूष रंजन दास ने किया। मौके पर स्कूल के उप प्राचार्या सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो रोटरी क्लब ने शिविर लगा शुगर-बीपी की जांच की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो द्वारा रोटरी क्लब के पॉल हैरिस सभागार में एक स्वास्थ्य जागरुकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ सतीश के साथ उनके अस्पताल के कर्मियों ने सभी उपस्थित लोगों की बीपी ब्लड शुगर ईसीजी आदि की जांच की और अपना सुझाव दिया। सर्वप्रथम अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रेरित किया। क्लब के सचिव महेश कुमार गुप्ता ने डॉ सतीश एवं सिस्टर नीतू के नेतृत्व में आई हुई उनकी पूरी टीम को समस्त रोटरी परिवार की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने डॉ आरएन प्रधान का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आज का यह आयोजन मुख्यतः 55 व उसके ऊपर की उम्र के सदस्यों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है। कोषाध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप रे ने लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## ब्लॉक-2 के जीएम सहित अन्य अधिकारियों पर दर्ज हो आपराधिक केस : रामदास कुम्हार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** दिनांक 8.10.23 को बेनीडीह मेन साइडिंग में कार्यरत 3 ठेका मजदूर दिनेश कु महतो, रामदास कुम्हार और रवि कुमार महतो ने बाघमारा थाना में अलग-अलग लिखित आवेदन देकर ब्लॉक 2 जीएम चितरंजन कुमार, एपीएम संजय कु भारती, पीओ के के सिंह सहित ठेका कम्पनी संजय उधोग, खेमका केरियर, एस एम एस (जेवी), एस एम एम (जेवी), बीकेबी सहित अन्य के मालिक और उसके प्रबंधक के खिलाफ लाखो रुपया पीएफ रकम गबन करने के आरोप लगाते हुए नामजद एफआईआर दर्ज करने का पत्र थाना प्रभारी को दिया है। अपने पत्र में मजदूरों ने लिखा है कि वे वर्षो से बेनिडीह मेन साइडिंग में कार्यरत है और वर्ष 2013 से 2023 तक लगातार पीएफ राशि की कटौती उनके वेतन से काटा जा रहा है परंतु ठेका कंपनी द्वारा उन मजदूरों के सीएमपीएफ खाते में पैसा जमा नहीं किया है। इस बीच इनलोगो के लगभग एक एक मजदूर को 5 से 7 लाख रुपया पीएफ पैसा का गबन ब्लॉक 2 प्रबंधक एवम ठेकेदार की मिली भगत से हुई है। नामजद अभियुक्तों पर सुसंगत धारियों पर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया है।

### आरटीआई से हुआ खुलासा

मजदूरों ने आरटीआई आवेदन दायर कर ब्लॉक– 2 प्रबंधन से अपने अपने भविष्य निधि का ब्योरा मांगा। पहले तो ब्लॉक 2 प्रबंधन सूचना उपलब्ध कराने में आना कानी कर रहा था परंतु मजदूर प्रथम अपील दर्ज कर सूचना के लिए आंदोलन करने लगे और अपीलीय अधिकारी को सूचना दिलाने में बाध्य कर दिए तत्पश्चात जब सूचना के रूप में बीसीसीएल के ब्लॉक 2 प्रबंधन ने मजदूरों का पीएफ का वी वी स्टेटमेंट उपलब्ध कराया तो मजदूरों ने अपने वेतन पर्ची और प्रतिमाह मिलने वाले वेतन से 12 प्रतिशत कटौती का राशि का मिलाना किया तो पता चला की कंपनी द्वारा कटौती की गई रकम उनके सीएमपीएफ खाते में ठेका कंपनी और बीसीसीएल द्वारा जमा ही नहीं किया गया । इस प्रकार मजदूरों को उनके लाखो रुपया पीएफ राशि का गबन और चोरी की जानकारी आरटीआई से हुई ।

### न्यायालय में दायर किया है झूठा हलफनामा

एक एफआईआर कर्ता मजदूर रामदास कुम्हार ने मीडिया को जीएम चितरंजन कुमार द्वारा कोर्ट में दाखिल हलफनामा और उनके विभागीय अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई आरटीआई का पत्र दिखाते हुए कहा कोर्ट में जीएम कहते हैं कि मजदूर रामदास कुम्हार का सीएमपीएफ की नियमित 12 प्रतिशत कटौती कर उनके खाते में जमा किया जाता है।

## बोकारो: भारत विकास परिषद की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर- 5 स्थित आईएमए हॉल में भारत विकास परिषद बोकारो दक्षिण शाखा द्वारा आयोजित भारत को जानो नामक अंतर विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास आदि से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्षा नीना नारायण ने भारत माता एवं परिषद के आदर्श स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। क्विज मास्टर धर्मपाल एवं ओम प्रकाश बर्णवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रश्नोत्तरी में कनिष्ठ वर्ग में तृतीय एवं द्वितीय पुरस्कार जैन पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 एवं प्रथम पुरस्कार पेंटेकोस्टल सेक्टर 12 ने जीता। वरिष्ठ वर्ग में तृतीय पुरस्कार जीजीपीएस चास द्वितीय पुरस्कार पेंटेकोस्टल सेक्टर 12 एवं प्रथम पुरस्कार एआरएस पब्लिक स्कूल लकराखंदा ने जीता। मुख्य अतिथि एसएनपी सिंह ने प्रथम आने वाली टीम को ट्रॉफी प्रदान की। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक अनूप कुमार ने दिया।

## मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा चरणबद्ध आंदोलन : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**तेतुलमारी।** सोमवार को बीसीसीएल क्षेत्र संख्या चार के महाप्रबंधक एमएस दूत और पांच के महाप्रबंधक अनूप राय के नेतृत्व में नागरी कला और तेतुलमारी के रैयतों की बैठक सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। बताते चलें कि सन 1984 में बीसीसीएल के द्वारा नागरी कला और तेतुलमारी के रैयतों का जमीन अधिग्रहन किया गया था। 1991 मे बीसीसीएल ने रैयतों के साथ एक एग्रीमेंट किया था। 33.71 डिसमिल जमीन मे 34 रैयतों को नौकरी देने की बात थी ,जिसमे 1995 में 8 लोगों को नियोजन दिया गया। 2016 में 16 रैयतों को नियोजन मिला। 2020 मे 2रैयतो को नियोजन मिला। वर्षों बीत जाने के बाद भी बाकी बचे हुए 6 रैयतों को नियोजन नहीं मिला और 16 कार्य कर रहे लोगों का स्थाईकरण नही हुआई जिसके कारण रैयतो में रोष है और इस कारण बाध्य होकर रविवार को रैयतो ने एरिया ऑफिस जाने वाले मार्ग को जेसीबी मशीन से कटकर अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन रेस हुआ और रैयतों को वार्ता करने के लिए सिजूआ कार्यालय बुलाया गया। वार्ता में राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो, छोटू सिंह, दिनेश रजक, नरेश रजक, अशोक ठाकुर आजाद मुखिया, सुभद्रा देवी, बंशीधर महतो, शंकर रवानी, भोला रजक, शमीम अंसारी,मो अलीजान, नारायण महतो आदि मौजूद थे।

### रैयत बनाकर देंगे प्रपोजल

दोनों पक्षों के बीच वार्ता में यह तय हुआ की रैयत फिर से अपना प्रपोजल बनाकर देंगे, जिसे कोयल भवन वरिया अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। वही रैयतो का नेतृत्व कर रहे हैं मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो ने कहा कि प्रबंधन 20 दिन का समय लिए हैं। अगर 20 दिनों के अंदर रैयतो की मांगे पूरी नहीं होती है तो रैयत आगे आंदोलन करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## एक नजर में

### पेयजल के लिए ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**अलकडीहा।** जीनागोरा साउथ तीसरा लोदना मुख्य मार्ग को ग्रामीणो ने घंटों जाम रखा। ग्रामीणों का कहना था कि पीट वाटर की पूर्ति 22/9/2023 से बंद है। पानी बंद होने से साउथ तीसरा खटाल, हुचूकटाड , काली थाना के हजारों परिवार प्राभावित है। पानी नहीं चलने के कारण महिलाओं को नहाने,कपड़ा धोने, बर्तन साफ करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है। जान माल की क्षति होने की संभावना बनी रहती है। छोटे-छोटे बच्चों को तालाब पर जाना पड़ता है। घंटों रोड जाम रहने पर लोदना क्षेत्र के जी एम बी के सिन्हा तथा नार्थ-साउथ-जीनागोरा परियोजना के एजेंट श्रीवास्तव जी पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता किया तथा कहा कि मोटर बनाने के लिए भेजा गया है, मंगाकर जल्द लगाया जाएगा। जीएम तथा एजेंट के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया। मौके पर महेश यादव, गुड्डू यादव, नितेश यादव, रामाश्रय प्रसाद,सरोज राम, विकास गिरी चिंटू राऊत आदि मौजूद थे।

### बलियापुर में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र के गुल्लूडीह बस्ती में धनबाद उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। उत्पाद विभाग के इस कार्रवाई में लगभग 15 लाख रुपए मूल्य का अवैध शराब तथा अवैध शराब बनाने का सामग्री जप्त किया गया है। भारी मात्रा में अवैध विदेशी डुप्लीकेट शराब बरामद की है। यह मिनी शराब फैक्ट्री वीरान मकान में संचालित की जा रही थी। मौके से किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उत्पाद विभाग अनुसंधान में जुटे हुए हैं अवैध शराब कारोबारी को चिन्हित कर कोर्ट की कार्रवाई की जायेगी।

### बेबी देवी ने किया गार्ड वाल निर्माण का शिलान्यास

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के बिरनी में डीएमएफटी मद से रमाकांत शर्मा के जमीन से पुरनी पोखर तालाब तक 330 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य का मंत्री बेबी देवी ने 8 अक्टूबर को शिलान्यास किया। इस अवसर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि उनके पति मंत्री जगरनाथ महतो के गुजर जाने के बाद राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने जब से मंत्री का दायित्व सौंपा है, तब से लेकर अभी तक डुमरी नावाडीह में विकास की रफ्तार धीमी होने नहीं दिया हूं। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन की सरकार ने कैबिनेट की बैठक में नावाडीह से भेंडरा तक 11 किमी सड़क आरईओ से स्थानांतरण कर पीडब्लूडी में परिवर्तन कराया गया है।


**DISTRICT SPORTS OFFICE, SIMDEGA**

Ref no.: - 315(ii)/ Date: - 09-10-2023

EXPRESSION OF INTREST FOR: - Operation and Maintenance of Indoor Stadium at New Sports Complex, Bazartanr in PPP Modein Simdega.

| SL. NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for Operation and Maintenance of Indoor Stadium at New Sports Complex, Bazartanr in PPP Mode in Simdega. |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 10.10.2023 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 50,000.00 (MSME Registered Organization to be exempted) |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 26.10.202302:00 PM |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | District SportsOffice, Simdega |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 26.10.2023 03:30 PM |
| 07 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 26.10.2023 03:30 PM |
| 08 | BID OPENING PLACE | District Sports Office, Simdega |
| 09 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | District Sports Officer, Simdega |
| 10 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | DSO, Simdega Contact No.: 9431941869 Email Id: sportofficesimdega@gmail.com |

NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT WWW.SIMDEGA.NIC.IN

SPORTS & TOURISM OFFICER, SIMDEGA

PR 308723 Simdega(23-24)D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 26/2023–24 PR 306940 District (23-24)#D के सहपठित ज्ञापांक 1649 दिनांक 13.09.2023 द्वारा निकाले गये निविदा के निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि दिनांक 06.10.23 को जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में प्राप्त की गई है। उक्त तिथि को कुछ संवेदकों एव बाहरी व्यक्तियों के द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा नहीं करने देना एवं छीना झपटी करने संबंधी सूचना प्राप्त हुई है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में वैसे संवेदक जो दिनांक 06.10.23 को जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा नहीं कर सकें है, वे दिनांक 12.10.23 को अपराहन् 3:00 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा कर सकते हैं।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग

PR308709 (District)23-24*D



**कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला**

पत्रांक :........................../स०स० गुमला, दिनांक : ........................../

**सूचना**

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जोरी लैम्पस लि०, प्रखण्ड–बिशुनपुर, जिला गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेश आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला एवं श्रीमति अंजू कुमारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 01-12-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम जोरी लैम्पस मुख्यालय में होगा । |
| 2 | नामांकन पत्रों की जॉच | 01-12-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 01-12-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 02-12-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 02-12-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 02-12-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 04-12-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 04-12-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 04-12-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 12-12-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 12-12-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विशेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 12-12-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स० गुमला अंचल, गुमला–सह–संचालन पदधिकारी

PR.NO.308683 Co-opretive(23-24):D

# मतदान की तिथि घोषित

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी है। तीन दिसंबर को पांचों राज्य के चुनाव परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे। सबसे पहले मिजोरम में सात नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं छत्तीसगढ़ में दो चरण में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में एक चरण में चुनाव होगा। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को और राजस्थान में 23 नवंबर को वोटिंग होगी। सबसे आखिर में तेलंगाना में 30 नवंबर को होगा। चुनाव आयोग ने बताया कि 3 दिसंबर को सभी राज्यों के चुनाव के नतीजे एक साथ आएंगे। इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। पांच राज्यों में कुल 16 करोड़ मतदाता हैं। इनमें 7.8 करोड़ महिला वोटर हैं. वहीं, 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता है। राजीव कुमार ने बताया कि 60.2 लाख युवा पहली बार वोट करेंगे। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभाओं का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म होने वाला है। वहीं, मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त होगा। निश्चित तौर पर 2024 के लोक सभा चुनाव के पूर्व यह चुनाव सभी दलों के लिये एक अपनी क्षमता और लोकप्रियता आंकने का एक पैमाना होगा। इस चुनाव परिणाम से लोकसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की जाएगी। बड़ी चुनौती भाजपा के लिये है कि वह मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बचाये और छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को हटाये। वहीं कांग्रेस के लिये अपनी सरकार बचाने की बड़ी जबावदेही होगी। तेलंगाना में क्षेत्रिय दल टीआरएस को भी अपनी सत्ता बचाने की कवायद करनी होगी। सबकी नजर विशेषकर पहली बार वोट डाल रहे युवाओं और महिलाओं पर होगी जो निर्णायक हैं।


# युद्ध बढ़ने की आशंका

हमास के हमले के बाद जिस प्रकार की वैश्विक स्थितियां बदली है उससे इस युद्ध के व्यापक होने का खतरा मंडरा रहा है। ओआईसी के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि तेहरान ने क्षेत्रीय विकास पर चर्चा के लिए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। ईरान ने कहा कि वह उन हमलों में शामिल नहीं था जिसमें इस्लामी समूह हमास द्वारा 700 इजरायली मारे गए थे और दर्जनों का अपहरण कर लिया गया था।ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है क्योंकि इजराइल पर सप्ताहांत के हमले के बाद हमास और इजरायली बलों के बीच लड़ाई तेज हो गई है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इजराइल पर नवीनतम हमलों के पीछे ईरान का हाथ था, लेकिन उन्होंने कहा कि तेहरान और हमास के बीच लंबे समय से संबंध हैं। कनानी ने कहा कि जो कोई भी इस्लामी गणतंत्र ईरान को धमकी देता है उसे पता होना चाहिए कि किसी भी मूर्खतापूर्ण कार्रवाई का विनाशकारी जवाब दिया जाएगा। फि लिस्तीनी समूहों को ईरान का समर्थन मिलिशिया और सशस्त्र समूहों के एक व्यापक नेटवर्क का हिस्सा है जिसे वह पूरे मध्य पूर्व में समर्थन देता है, जिससे तेहरान को लेबनान, सीरिया, इराक और यमन के साथ-साथ गाजा में भी एक शक्तिशाली उपस्थिति मिलती है। निश्चित तौर पर विश्व का ध्रुवीकरण हो गया है और इजरायल की ओर अमेरिका ने सैन्य मदद भेज दी है। हमास को भी ईरान सहित इस्लामिक देशों के अधिकांश का समर्थन मिल रहा है। इजरायल द्वारा घोषित इस युद्ध को जितना जल्दी हो समाप्त कराने का प्रयास करना होगा।

# लेडी मेहरबाई टाटा : त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति





- सत्येन्द्र कुमार

> उन्होंने एक पल भी सोचे बिना इस बेशकीमती हीरे को मानवता के लिए कुर्बान कर दिया। ऐसी मिसालें दुनिया में कम ही मिलती है और मेहरबाई का जीवन ऐसी अनेकों कहानियों की एक किताब है। आज ना सिर्फ टाटा परिवार, बल्कि लाखों करोड़ों लोग मेहरबाई टाटा के त्याग और समर्पण के लिए उनके ऋणी है जिनकी बदौलत पूरी दुनिया मे अनगिनत लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का श्रेय टाटा समूह की कंपनियों को जाता है।

**भारतीय** संस्कृति जिन मूल नैतिक सिंद्धान्तों पर आधारित है उनमें सबसे महत्वपूर्ण है दान। ऐसी ही एक महान शख्सियत ने अपने महादान से न सिर्फ टाटा स्टील के अस्तित्व को बचाने में भूमिका निभाई बल्कि औधोगिक भारत के भविष्य को संवारने का भी काम किया।

मेहरबाई टाटा सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक उदाहरण है दृढ़ इच्छाशक्ति और उदारता का। उनका व्यक्तित्व हीरे से भी ज्यादा चमकदार है, और उन्हीं के नाम से जुड़ा है जुबिली डायमंड का नाम, जो दुनिया का 6ठा सबसे बेशकीमती हीरा है। ये हीरा न सिर्फ प्रेम की निशानी है बल्कि त्याग और बलिदान का प्रतीक भी है। कोहिनूर से आकार में दुगना यह हीरा मेहरबाई टाटा को उनके पति सर दोराबजी टाटा ने उपहार स्वरूप दिया था, लेकिन जब कर्तव्य ने पुकारा तो मेहरबाई ने हजारों लोगों के भविष्य को सुरक्षित करना बेहतर समझा। उन्होंने एक पल भी सोचे बिना इस बेशकीमती हीरे को मानवता के लिए कुर्बान कर दिया। ऐसी मिसालें दुनिया में कम ही मिलती है और मेहरबाई का जीवन ऐसी अनेकों कहानियों की एक किताब है। आज ना सिर्फ टाटा परिवार, बल्कि लाखों करोड़ों लोग मेहरबाई टाटा के त्याग और समर्पण के लिए उनके ऋणी है जिनकी बदौलत पूरी दुनिया मे अनगिनत लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का श्रेय टाटा समूह की कंपनियों को जाता है।

**बहुमुखी प्रतिभा की धनी थी मेहरी**

जेरबाई भाभा और एच जे भाभा, मैसूर राज्य के इंस्पेक्टर-जनरल ऑफ एजुकेशन की पुत्री लेडी मेहरबाई टाटा का जन्म 10 अक्टूबर, 1879 को एक पारसी परिवार में हुआ था। उन्होंने 16 साल की उम्र में अपनी मैट्रिक की परीक्षा पास की, जिसके बाद उन्होंने अपने पिता के मार्गदर्शन में अंग्रेजी और लैटिन भाषा का अध्ययन किया और विज्ञान कक्षाओं के लिए कॉलेज में दाखिला लिया। एक पारसी और एक भारतीय के रूप में उन्होंने अपनी गौरवपूर्ण विरासत को कायम रखते हुए, अपने पिता से सीखे गए पश्चिमी उदारवादी आदर्शों को अपनाया।

मैसूर में भाभा के घर एक दौरे के सिलसिले में, जमशेतजी टाटा को 18 वर्षीय मेहरी ने सम्मोहित कर लिया था, जो मेहरबाई को प्यार से पुकारा जाने वाला नाम था। उन्हें लगा कि मेहरी और उनके बड़े बेटे, दोराबजी टाटा की जोड़ी अच्छी लगेगी और उन्होंने दोराबजी टाटा को भाभा परिवार से मिलने की सलाह दी। जब दोराबजी टाटा ने भाभा परिवार से मुलाकात की, तो वे मेहरी के प्रति आकर्षित हो गए और 14 फरवरी, 1898 को उनका विवाह संपन्न हुआ। 1910 में जब ब्रिटिश भारत में उद्योग के प्रति योगदान के लिए दोराबजी टाटा को नाइट की उपाधि दी गई, तब से उन्हें लेडी मेहरबाई टाटा के नाम से पुकारा जाने लगा।

लेडी मेहरबाई और दोराबजी टाटा दोनों को यात्रा करना पसंद था और उन्होंने भारत और विदेशों में व्यापक रूप से यात्राएं कीं। उन्होंने सर दोराबजी टाटा को खेलों के प्रति अपने जुनून, विशेष रूप से टेनिस के बारे में बताया था और उन्होंने वेस्टर्न इंडिया टेनिस टूनार्मेंट में ट्रिपल क्राउन जीता। इस दंपत्ति ने मिलकर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में कई खिताब जीते। वेस्टर्न प्रेस ने आश्चर्य के साथ लिखा था कि लेडी टाटा ने हमेशा ह्यपूर्वी क्षेत्र की पोशाक साड़ी पहनीह्य, जो टेनिस कोर्ट में खेलने के लिए कोई आसान पोशाक नहीं थी।लेडी मेहरबाई भारत में महिलाओं के उत्थान की हिमायती थीं। वह महिलाओं को खुद अपने जीवन की बागडोर संभालते हुए देखना चाहती थी। जहाँ भी वह यात्रा करती थी, बड़े महानगरों से लेकर सुदूर गाँवों तक, वह उनसे मिलने वाली सभी महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता का अध्ययन करती थी। उनका मानना था कि भारत का विकास केवल महिलाओं की स्थिति में उन्नति के माध्यम से ही होगा, जिसके लिए उनकी शिक्षा सर्वोपरि थी। उन्होंने महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा और पुरदाह प्रथा पर प्रतिबंध लगाने की वकालत की। वह बॉम्बे प्रेसीडेंसी वुमेन्स काउंसिल और फिर नेशनल काउंसिल ऑफ वूमेन की संस्थापकों में से एक बनीं और उन्होंने महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय परिषद में भी भारत को प्रवेश दिलाया। बाल विवाह की रोकथाम करने के लिए बनाए गए सारदा अधिनियम पर भी उनसे सलाह ली गई थी। वह रेड क्रॉस सोसाइटी की सक्रिय सदस्य थीं । 1919 में, उन्हें किंग जॉर्ज श द्वारा ब्रिटिश साम्राज्य का कमांडर बनाया गया। महज 38 साल की उम्र में, लेडी मेहरबाई ने उस वक्त राष्ट्रीय परिदृश्य पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी जब उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने फिजी द्वीपों की तरह ब्रिटिश उपनिवेशों में भारतीय मूल के मजदूरों के साथ होने वाले बर्ताव के सवाल पर वायसराय से मिलकर विरोध दर्ज कराया।

अपनी बीमारी के अंतिम समय के दौरान, ल्यूकेमिया से पीड़ित मेहरबाई टाटा को नॉर्थ वेल्स के रूथिन में एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया और 18 जून, 1931 को उनका निधन हो गया। लेडी मेहरबाई टाटा के निधन के कुछ समय बाद, सर टाटा ने अपनी व्यक्तिगत संपत्ति का अधिकांश हिस्सा भारत की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी संस्था, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के नाम कर दिया था। इसमें विभिन्न टाटा एंटरप्राइसेज के शेयर, जमीन और उनकी पत्नी मेहरबाई के जेवरात तक शामिल थे। इस ट्रस्ट को राष्ट्रीय महत्व के चार अग्रणी संस्थानोंः टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, टाटा मेमोरियल सेंटर फॉर कैंसर रिसर्च ऐंड ट्रीटमेंट, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च और नेशनल सेंटर ऑफ द परफॉर्मिंग आर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।

**जुबिली डायमंडः**

जुबिली डायमंड 1895 में दक्षिण अफ्रीका के जेगर्सफॉण्टीन में पाया गया था। 245.35 कैरेट वजनी यह हीरा दुनिया का छठां सबसे बड़ा हीरा और प्रसिद्ध कोहिनूर हीरे के आकार का दोगुना था। 1896 में एम्स्टर्डम में असाधारण शुद्धता वाले इस बड़े चमक रहित नगीने को इस तरह तराशा गया कि यह इसके 2 मिमी से भी कम संकीर्ण क्यूलेट पर संतुलित किया जा सके। इस हीरे को आरेंज फ्री स्टेट के राष्ट्रपति एफ डब्ल्यू रिट्ज के सम्मान में रिट्ज डायमंड के रूप में जाना जाता था।

## खास बात

# दुनिया के अजीबों गरीब रेल लाईन

**शिखर चंद जैन**

ये कुछ अलग रेल मार्ग हैं जो चर्चित और पर्यटक को खीचतें हैं।

**मेकलॉन्ग मार्केट रेलवे (थाईलैंड)**

ट्रेन की पटरियों पर सब्जी बाजार देखा है कहीं आपने? फिर तो थाईलैंड के मेकलॉन्ग इलाके में हो आइए। यहां ट्रेन की पटरियों पर कई हॉकर सुबह से शाम तक फल, सब्जियां, अंडे, मछली आदि बेचते हैं। जब भी ट्रेन आती है, तो ये अपने सामान को बटोर लेते हैं और ट्रेन के जाते ही फिर से बेचना शुरू कर देते हैं।

**नैपियर-गिसबोर्न रेलवे (न्यूजीलैंड)**

न्यूजीलैंड में नैपियर से गिसबोर्न की रेलवे लाइन अनूठा है। यह रेलवे लाइन ग्रिसबोर्न एयरपोर्ट के प्रमुख रनवे के बीच से गुजरती है। जब भी कोई ट्रेन आती है,उसे पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर से अनुमति लेनी पड़ती है, तब जाकर वह आगे बढ़ पाती है।

**ट्रेन अ लास न्यूब्स (अर्जेंटीना)**

अर्जेंटिना के साल्टा प्रांत में ट्रेन अ लास न्यूब्स उर्फ बादलों की ट्रेन पर्यटकों का खास आकर्षण है। यह समुद्र तल से 13850 फुट की ऊंचाई पर एक ब्रिजके ऊपर से गुजरती है। यह दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन मानी जाती है। इस रेलवे पर्वत शृंखला से होकर गुजरना पड़ता है और इसके लिए 29 पुलों और 21 सुरंगों को पार करना पड़ता है। साथ ही 2 जिगजैग मार्ग जो पर्यटकों को आनंदित कर देते हैं।

**टनल ऑफ लव (यूक्रेन)**

यूक्रेन के क्लीवान इलाके में टनल ऑफ लव वाकई स्वर्ग जैसा आनन्द देने वाला रेल मार्ग है। तीन किलोमीटर लम्बा यह रेल मार्ग एक फायरबोर्ड फैक्ट्री तक जाता है। पूरे रास्तेभर हरियाली है। यद्यपि यह ट्रेन मूल रूप से फैक्ट्री तक लकड़ी पहुंचाने के लिए दिन में तीन बार वहां जाती है,

**ट्रांस-साइबेरिन (रूस)**

मॉस्को और रूस के सुदूर इलाकों को जोड़ने वाला ट्रांस साइबेरियन रेलवे दुनिया का सबसे लम्बा माना जाता है। इससे मंगोलिया, चीन और नॉर्थ कोरिया भी जुड़े हुए हैं।

# गुरु आज्ञा सर्वोपरि

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**राम** वन जाने को तैयार थे, प्रजा उन्हें रोक कर खड़ी थी। श्री राम ने कहा कि भाईयों यह ठीक है कि महाराज की आज्ञा नहीं हुई है लेकिन पिता की आज्ञा से गुरु की आज्ञा बड़ी होती है तो हमलोग गुरु देव वशिष्ठ जी के पास चलते हैं वो जो कहेंगे वह हम मानेंगे। निकसी वसिष्ठ द्वार भय ठाढ़े। सारे लोग वशिष्ठ जी के सामने खड़ें हो गये और वशिष्ठ जी ने पूछा क्या बात है ?श्री राम बोले पिता मोह में मुझे वन जाने के लियेनहीं बोल सके। वरदान दिये हुए हैं लेकिन बोल नहीं सके। पिता की धर्म की रक्षा के लिये मैं वन जाना चाहता हूं। प्रजा ने कहा महाराज की आज्ञा नहीं है। अतः हमलोग नहीं जाने देना चाहते हैं। श्री राम हमारे ह्दय पर राज करते हैं। हमलोग उनका बिछुड़न बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वसिष्ठजी ने अपना फैसला सुना दिया- आपलोग अपने आनंद के लिये अपने लाभ के लिये एवं अपने स्वार्थ के लिये राम को रखना चाहते हैं। लेकिन श्रीराम अपने लिये नहीं पिता के धर्म की रक्षा के लिये वन जाना चाहते हैं। इसलिये उनका सोचना ज्यादा उंचा है। यह उच्च कोटि का विचार है। अतः उन्हें जाने दिया जाए। इस प्रसंग में गुरुभक्ति ही परिलक्षित होती है। क्योंकि श्रीराम ने प्रजाजनों को समझाया कि ठीक है पिता की आज्ञा नहीं है लेकिन सबके सार सम्हार गोसाई क्या ये बात सही नहीं है कि माता-पिता की आज्ञा से बढ़कर गुरु की आज्ञा होती है और अगर होती है तो हम सब वहीं चले और उनके द्वारा जो निर्णय होगा उसको आपलोग भी माने और हम भी माने। इस तरह ये लोग वहां पहुंचे और अपने-अपने पक्ष की बात रखें। तब वशिष्ठ जी के आदेश पर श्रीराम वन गये।


**वक़्त** और अध्यापक दोनों में फर्क सिर्फ इतना है कि , अध्यापक सिखा कर परीक्षा लेता है और वक़्त परीक्षा लेकर सिखाता है।

– राहुल गांधी, सांसद

## आपके ट्वीट

परिस्थितियाँ, पदार्थ, अभिरुचियां और व्यक्ति समय के साथ परिवर्तित होते रहते हैं ! जगत में सब अस्थिर व नश्वर है, आनंद स्रोत स्वयं का अस्तित्त्व ही है।अतः स्वयं के शाश्वत स्वरूप को जानें ।

– अवधेशानंद गिरी





**बंगलूर** मेट्रो को आंरभ करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। बंगलूर में रहने वाले हमारे शहरवासी को एक बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

–नरेन्द्र मोदी

# छात्रों तक मानसिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना बेहद आवश्यक



**डॉ मनोज साहू**

## हेल्थ

दुनिया भर में, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रभावित करने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। हाल के वर्षों में, छात्रों के बीच आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति माता-पिता, शैक्षणिक संस्थानों और बड़े पैमाने पर समुदाय के लिए एक चिंताजनक समस्या है। अनुचित शैक्षणिक दबाव और अन्य पर्यावरणीय परिस्थितियाँ इन छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। इस प्रकार, छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस वर्ष की थीम, मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है, भी इन युवा छात्रों की तरह जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में एक ही विचार व्यक्त करती है। मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य एक छात्र के जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है जिसपर अक्सर शैक्षणिक गतिविधियों की हलचल के कारण किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि ग्रेड और पाठ्येतर गतिविधियाँ अपना महत्व रखती हैं, मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करने से छात्र की समग्र सफलता और खुशी पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

छात्रों के लिए मनोवैज्ञानिक कल्याण उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, सामाजिक संबंधों और जीवन में मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसा देखा जाता है कि शैक्षणिक प्रदर्शन और खुशहाली में एक संबंध है क्योंकि यह छात्र की ध्यान केंद्रित करने, जानकारी बनाए रखने और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को प्रभावित करता है। जब कोई छात्र उच्च स्तर के तनाव, चिंता या अवसाद का अनुभव करता है, तो यह संज्ञानात्मक कार्य में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे अंततः छात्रों के लिए शैक्षणिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करना कठिन हो जाता है। इसी प्रकार सामाजिक संबंध और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य सकारात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। एक भावनात्मक रूप से स्थिर व्यक्ति अच्छे पारस्परिक संबंधों को बनाए रखने के साथ-साथ अपने परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में भी सक्षम होता है। अंत में, जीवन की स्थितियों से निपटना, विशेष रूप से कॉलेज जीवन के दौरान, केवल शैक्षणिक दबाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें घर की याद और नए वातावरण में ढलना भी शामिल है। मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य छात्रों को इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए लचीलापन प्रदान करती है।

यह महत्वपूर्ण है कि हम छात्रों को मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का अभ्यास करने के लिए शिक्षित करें। कुछ सरल रणनीतियाँ हैं जो छात्रों को मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने में मदद कर सकती हैं। छात्रों को स्व-देखभाल से शुरूआत करनी चाहिए, यह उन्हें स्व-देखभाल की दिनचर्या को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और नियमित आधार पर संतुलित आहार शामिल है। हमें छात्रों को माइंडफुलनेस और विश्राम तकनीकों का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इससे उन्हें तनावपूर्ण स्थितियों में शांत रहने और तनाव सहन करने में मदद मिलेगी। एक अन्य महत्वपूर्ण रणनीति समय प्रबंधन है, छात्रों को प्रभावी समय प्रबंधन कौशल सिखाने से समय सीमा और पाठ्यक्रम के दबाव को कम करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही व्यक्ति को यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करना सीखना चाहिए जो उनकी क्षमताओं के अनुसार प्राप्त किया जा सके। अवास्तविक शैक्षणिक या करियर आकांक्षाएं अपनाने से तनाव हो सकती है। मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए शैक्षणिक, पाठ्येतर गतिविधियों और व्यक्तिगत समय को संतुलित करना आवश्यक है। उन्हें सामाजिक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### लोकतंत्र के प्रहरी

**न्यूजक्लिक** पोर्टल के संपादक, पत्रकार और टीम के अन्य लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा छापेमारी और गहन पूछताछ के बाद कुछ को रिहा किया। इससे मीडिया जगत में रोष है। इस कार्रवाई की विपक्ष भी आलोचना कर रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत मीडिया कोई सही तथ्य सामने लाता है तो इसे गलत कहना अनुचित है।

–बीएल शर्मा, जमशेदपुर

### स्वच्छता के संकल्प

**देश** में स्वच्छता लाने के प्रयासों की घोषणा के बाद अब देश के कई शहर स्वच्छ दिखने लगे हैं। उनमें अब स्वस्थ प्रतियोगिताएं इस बाबत होने लगी हैं और उनको मिलने वाले पुरस्कार उन्हें और अधिक स्वच्छता के लिए प्रयास करने को प्रेरित कर रहे हैं। सिर्फ अपना घर ही नहीं बल्कि अपनी गली, कॉलोनी में भी सफाई रखें। सफाई कर्मियों की भी इज्जत करें।

– रविकांत सिंह, रांची

# सोशल मीडिया को नफरती मंच में बदलने की साजिश को विफल करना होगा



**मनोज शर्मा**

## सामयिक

**फेसबुक** के संस्थापक-सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि फेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी।आजकल फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक एवं राष्ट्र-विरोधी होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी ओछी हरकतें करने के लिये तत्पर रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब पर पांव पसार रही हैं देश को तोड़ने की साजिशें एवं जनता के दिलों में दरारें डालने की उच्छृंखलताएं। इन राष्ट्र-विरोधी विध्वंसात्मक उपक्रमों, नफरत फैलाने वाले भाषणों, तोड़मोड़ कर प्रस्तुत करते घटनाक्रमों, हिंसा एवं साम्प्रदायिकता पर जश्न मनाने और भ्रामक सूचनाएं परोसने की जैसे होड़-सी लग गई है। अध्ययनकताओं ने दो साल पहले फेसबुक पर खाते खोले और लगातार नजर बनाए रखी कि इस मंच पर भारत में कैसी सामग्री परोसी जा रही है। वे देख कर हैरान हो गए कि उनमें भ्रामक सूचनाओं और नफरत फैलाने वाले विचारों का अंबार लगा हुआ है। हालांकि फेसबुक का दावा है कि वह किसी आपत्तिजनक सामग्री को प्रकाशित नहीं करता, ऐसा करने वालों को तुरंत चेतावनी भेजता और सामग्री को रोक देता है। प्रश्न है कि फेसबुक की यह व्यवस्था यहां क्यों फेल हो गयी? कहीं खुद फेसबुक ऐसी नफरत की आंधी को सर्वव्यापी बनाने के लिये जिम्मेदार तो नहीं है? कहने को ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक सामाजिक मेल-जोल के मंच कहे जाते हैं, लेकिन इन मंचों पर जितनी राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक नफरत एवं द्वेष फैलाया जा रहा है, वह चिन्ताजनक हैं। फेसबुक के आंतरिक दस्तावेजों के मुताबिक फेसबुक भारत में भ्रामक सूचना, नफरत वाले भाषण और हिंसा को लेकर जश्न मनाने वाले कंटेंट को रोक नहीं पा रहा है, पर बड़ा सवाल है कि वह क्यों नहीं रोक पा रहा है? क्या यह भारत के खिलाफ एक षड्यंत्र का संकेत है? प्रश्न यह भी है कि इस प्रकार की भ्रामक, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं नफरत-द्वेष फैलाने की नीति से किसका हित सध रहा है? विचित्र है कि भारत में ऐसी प्रवृत्तियां तेजी से बढ़ी हैं। सच्चाई यह है कि भारत की कुल 22 भाषाओं में से केवल पांच में फेसबुक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऐसी सामग्री की जांच एवं विश्लेषण किया जाता है। यहां तक कि हिंदी और बांग्ला जैसी बड़ी भाषाओं में भी परोसी जाने वाली सामग्री का विश्लेषण करने का कोई उपाय उसके पास नहीं है। जाहिर है, इससे उपद्रवी और संकीर्ण मानसिकता के लोगों को एक खुला मैदान मिल गया है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी। वहाँ से लौटकर मुझे आत्मबल मिला। और कंपनी सफल होती गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### संकल्प यात्रा पर भाजपा ने जताया आभार

**गुमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा जिले के तीनों विधानसभा में सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भाजपा जिला कमेटी ने क्षेत्र की जनता व पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा जिस तरह भाजपा ने बाबूलाल को अपनाया है, उसी तरह झारखंडवासियों ने अपना नेता बाबूलाल जी को मान लिया है। सिसई, गुमला, बिशनपुर तीनों विधानसभा में संपन्न हुए संकल्प रैली में जन समर्थन भाजपा को मिला है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने दी है।

### प्रमाण पत्र देकर कैडेट सम्मानित




**गुमला।** स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ 1 से 31 अक्टूबर तक देशभर में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन कर रहा है। इसी कड़ी में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला की ट्रूप संख्या 18 डीएवी गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने पिछले सप्ताह सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा के नेतृत्व में प्लाग रन किया। प्लाग का तात्पर्य है जॉगिंग करते हुए कूड़े उठाना। कुल 36 कैडेटों ने नीमटोली में कुल 118 किलोमीटर की समेकित दौड़ लगायी। आज सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने वंदना सभा में फिट इंडिया सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### सड़क निर्माण को लेकर प्रशासक, नप और चेंबर अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**गुमला।** शहर में सड़क बनाने से पूर्व कार्यस्थल का सोमवार को चेंबर ऑफ कामर्स व नगर परिषद के पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सड़क निर्माण का कार्य कहां से कहां तक होगा इस पर विचार विमर्श किया। साथ ही नाली निर्माण पर भी चर्चा की। मौके पर नप प्रशासक दिलीप कुमार, सिटी मैनेजर हिमांशु मिश्रा व हेलाल अहमद, चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, मीडिया प्रभारी मो इम्तियाज थे।

### बसपा के संस्थापक स्व काशीराम का 17वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**गुमला।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्व काशीराम का 17वां परिनिर्वाण दिवस सोमवार को समुदायिक भवन अंबेडकर नगर गुमला में बहुजन समाज पार्टी ने मनाया। सभा की अध्यक्षता टीबरा राम ने की। मुख्य अतिथि सचिव झारखंड प्रदेश बसपा के शिव कुमार विश्वकर्मा और विशिष्ट अतिथि भृगुनाथ राम लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र प्रभारी शामिल हुए। मौके पर रविदास पंचायत समिति गुमला के अध्यक्ष तेजपाल राम मोची ने कहा कि काशीराम के बताये हुए मार्ग पर चलकर समाज का विकास और विस्तार किया जा सकता है। जिससे हमारा समाज और भी मजबूत होगा। मौके पर शिव कुमार विश्वकर्मा, भृगुनाथ राम, रुपेश सनी, रामवृक्ष राम, गणेशा राम, लखन राम पासवान, अखिलेश अंबेडकर, पवन राम, अमरनाथ राम, विकास राम, कनी लाल राम मोहम्मद शमशेर, काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने के लिए शुरू किया गया परीक्षा उत्सव



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में कक्षा 11वीं की प्रथम त्रैमासिक और कक्षा 12वीं की द्वितीय त्रैमासिक परीक्षा सोमवार से आरंभ हुई। प्रथम दिन सभी परीक्षार्थी छात्र-छात्राओं का स्वागत शिक्षकों ने तिलक लगाकर और टॉफी देकर किया। इसके लिए विशेष स्वागत द्वार सजाये गये और वहां से प्रवेश लेते हुए सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी गयी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू ने इसका शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कहा कि परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर आनंदपूर्वक पूरे उत्साह से परीक्षा लिखे इसके लिए इस प्रकार की प्रेरक व्यवस्था बनायी गयी। परीक्षार्थी पूरी परीक्षा पद्धति और उसके नियम एवं निर्देशों का पालन करना सीखें इसके लिए विशेष हेल्प डेस्क भी बनाया गया। प्रश्न पत्रों में भी डोंट स्ट्रेस, डू योर बेस्ट, फॉरगेट द रेस्ट जैसे स्लोगन जोड़े गये हैं और परीक्षा शब्द के बाद उत्सव शब्द लिखा गया है।

### दिल्ली में अंडर-12 फुटबॉल में विजेता उपविजेता टीम का भंडरा में स्वागत



**भंडरा।** दिल्ली में आयोजित युथ बुरगोविंग फुटबॉल लीग मैच अंडर-12 में झारखंड की बालिका टीम दिल्ली में हावी रहा, वहीं बालक टीम ने कड़े मुकाबले कर 0-1 से हारकर उपविजेता रहा। विगत 3 अक्टूबर से चलने वाली लीग मैच में झारखंड की बालक-बालिका टीम लगातार शानदार प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया। झारखंड का परचम लहराने वाले टीम का सोमवार को बिशुनपुर लौटने के क्रम मे भंडरा में भव्य स्वागत किया गया। झारखंड के गुमला जिलान्तर्गत बिशुनपुर के स्वामी विवेकानंद स्कूल की टीम ने दिल्ली में आयोजित लीग मैच में प्रतिदिन शानदार जीत हासिल कर एक नया इतिहास कायम किया है।

# सिक्किम में फंसे जिले के मजदूर सकुशल गुमला वापस लाये गये

>> उपायुक्त के निर्देश पर श्रम अधीक्षक रांची से सभी मजदूरों को बस से लेकर आये गुमला, ट्रेन से रांची पहुंचे थे मजदूर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भूस्खलन के दौरान सिक्किम में फंसे गुमला जिले के लगभग 100 से अधिक प्रवासी मजदूरों को रेस्क्यू करते हुए सोमवार को सही सलामत वापस लाया गया। ज्ञात हो कि सिक्किम में कंस्ट्रक्शन साइट पर अचानक बादल के फटने पर बाढ़ आने से जिले के लगभग 100 से अधिक प्रवासी मजदूरों फंस गये थे। जिसकी सूचना जिला प्रशासन को मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित वापस लाया गया। झारखंड राज्य के गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा के लगभग 120 प्रवासी मजदूर सिक्किम में काम करने गए थे। जिसमें से सबसे अधिक गुमला जिले से लगभग सौ मजदूर थे जो सिक्किम में आये भूस्खलन में फंस गए थे। जिसकी खबर मिलते ही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने घटना की जानकारी प्रवासी मजदूर केंद्र को दी। जहां सिक्किम सरकार से सहयोग प्राप्त करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित रूप से ट्रेन के माध्यम से रांची लाया गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने स्वयं खादगढ़ा बस स्टेशन जाकर वहां सभी मजदूरों का स्वागत किया।

# ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार पर फोकस करना प्रशासन का लक्ष्य : उपायुक्त

■ किस्को में संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास) के तहत सोमवार को संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन का आयोजन किस्को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देश के 500 आकांक्षी प्रखण्डों में लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया गया था। जिसमें सात दिनों के चयनित आकांक्षी प्रखण्ड में संकल्प सप्ताह के तहत संबंधित विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये।



महिला को परिसंपति देते अतिथि।

आनेवाले समय में आकांक्षी प्रखंड में किये जानेवाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिनों तक आयोजित इन कार्यक्रमों में लोगों के बीच खासा उत्साह देखा गया। किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण होते हैं। आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत निर्धारित विभिन्न इंडीकेटर्स के क्षेत्र में बेहतर-से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। आशा है कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों तथा जनसहभागीदरी द्वारा इस दिशा में पूरा सहयोग मिलेगा और आगे की राह आसान होगी।

उपायुक्त ने कहा कि आप सभी राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दें। आईए हम सब मिलकर संकल्प लें कि देश के आकांक्षी प्रखण्डों में शामिल किस्को प्रखण्ड को देश के शीर्ष 500 प्रखण्ड में लें सबसे ऊंचे पायदान पर ले जायें।

लोहरदगा लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता, एवं लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की की उपस्थिति में की गई। जिसमे वर्तमान समय में संगठन की जायजा एवं समीक्षा की गयी। जिसमे मुख्य तौर पर अग्रणी संगठन, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की भौतिक सत्यापन भी किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी



बैठक में मौजूद कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता।

के सभी सम्मानित पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, एनएसयूआई, सेवा दल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अल्पशंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, के अध्यक्ष गण अपनी पूरी कमिटी के साथ उपस्थित थे। एवं बैठक में संगठन को क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई और आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष निर्देश दिया गया। लोक सभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में मजबूती के साथ लग जाए एवं राहुल गांधी की हाथो को मजबूत करें।

**खास बातें :** जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। इनके दम पर ही हम चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अच्छे ढंग से कार्य कर रहे हैं आगे भी और समर्पित एवं गतिशील रूप से कार्य करें ताकि गरीब, मजदूर, दबे कुचले आम लोगों की आवाज हमारे नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत किया जा सके और आने वाले चुनाव में पूरे देश में कांग्रेस का परचम लहराया जा सके।

# ट्रक ने स्कूल वैन को मारी टक्कर बाल-बाल बचे बच्चे, चालक घायल

■ ट्रक चालक नशे में था धूत, स्थानीय लोगों ने ट्रक पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नेतरहाट रोड स्थित मनोज टेंट हाउस के समीप नशे में धूत बॉक्साइट ट्रक चालक ने भास्कर एजुकेशन एकेडमी स्कूल के स्कूल वैन को टक्कर मार दिया। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन बच्चों को बचाने के चक्कर में स्कूल वाहन के चालक रामकुमार महली को हल्की चोटी लगी। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि हर दिन की भांति भास्कर स्कूल के स्कूल वैन बच्चों को छोड़ने के लिए घर तक आया था। बिशुनपुर से लोहरदगा की तरफ जा रही एक बॉक्साइट ट्रक



दुर्घटना के बाद स्कूल वैन के पास लगी भीड़।

जिसका चालक काफी नशे में था। उसने स्कूल वैन को टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद नशेड़ी ड्राइवर ट्रक लेकर भागने लगा। जिससे कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पीछा करके पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। यहां बता दें की बॉक्साइट ट्रक का परिचालन बगैर लाइसेंस धारी ट्रक ड्राइवर के अलावा लेबर खलासी भी ड्राइविंग करते हैं। जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है।

# गुड़गांव में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में विशुनपुर टीम बनी विजेता

>> वहीं बालक वर्ग में बना उप विजेता, वापस लौटने पर घाघरा में हुआ भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** दिल्ली के गुड़गांव में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंडर 12 बालक-बालिका वर्ग में बिशनपुर के खिलाड़ी विजेता व उपविजेता बने। गुडगांव से वापस लौटने पर घाघरा के चांदनी चौक में खिलाड़ियों का सोमवार को समाजसेवियों और विद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस क्रम में पूर्व उप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे के निदेशक विजय साहू, कार्तिक उरांव स्कूल पुंटो, भाजयुमो अध्यक्ष आशिष सोनी ने विजेता बालिका टीम और उपविजेता बालक टीम के खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस संबंध में समाजसेवी भूषण भगत ने विस्तृत जानकारी दी।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के प्रयास से संचालित न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण के विषय पर जागरूकता हेतु प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के जिला समन्वयक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयास से लोहरदगा जिले के सभी प्रखंड के 150 परोक्ष रूप से एवं 216 गांव में अपरोक्ष रूप से परियोजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने प्रजेंटेशन से विश्व भर के आंकड़ों का उदाहरण देते हुए बाल विवाह एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए कहा की ऐसी घटनाओं से बालकों के अधीकार का हनन तो होता ही है।

### पटेल सेवा संघ अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला।** व्यापारी एवं पटेल सेवा संघ गुमला के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया है। गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने शोक जताते हुए कहा कि भगवान मृत आत्मा को शांति दे एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति दें। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### हड्डी-नश रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल 15 को गुमला में

**गुमला।** रीढ़ की हड्डी, नश रोग व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 15 अक्टूबर को नीलेश मेडिकल हॉल पालकोट रोड में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### बाइक के धक्के से महिला की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के चपका मंदिर के समीप सोमवार को अज्ञात बाइक के धक्के से पैदल चल रही चपका की गुड़िया देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। आनन-फानन में ग्रामीण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने गुड़िया को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गुड़िया घाघरा से घर जा रही थी। वहीं पीछे से आ रही बाइक के चालक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

# पंचायत स्तर पर हो ग्रामीणों के राजस्व कार्य : गुड्डू नाथ शाहदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कुड्डु सीओ प्रवीण कुमार सिंह से वार्ता की। इस भेंटवार्ता में उन्होंने आम जन मानस की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कुछ मांग की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया। सप्ताह में एक दिन राजस्व उपनिरीक्षक और अंचल निरीक्षक पंचायत स्तर पर जाकर लोगों के राजस्व संबंधी समस्या का निस्तारण करें। लोगों की बहुत सारी छोटी छोटी समस्या होती है जिसका त्वरित निस्तारण किया जा सकता है, परंतु लोग कार्यालय का चक्कर लगा लगाकर परेशान रहते हैं। ऐससे जनता और कार्यालय दोनों को असुविधा होती है, यदि पंचायत स्तर पर एक दिवस का निर्धारण करके इनका निस्तारण कर दिया जाये तो लोगों को सुविधा भी मिलेगी।

### बाइक के धक्के से व्यक्ति घायल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के सोगड़ा के घनश्याम उरांव बाइक के धक्के में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें उसका एक पैर टूट गया और सिर व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उप स्वास्थ्य केंद्र सिसई में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला भेज दिया गया। घायल व्यक्ति अपनी पत्नी व 5 वर्षीय बेटे के साथ जा रहा था तभी शिवनाथपुर करमटोली स्थित पंचायत भवन मोड़ के सामने से आ रहे एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया।

# सारथी योजना से घाघरा ब्लॉक परिसर में लगाया गया शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत सोमवार को घाघरा ब्लॉक परिसर के समीप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में दीनदयाल उपाध्याय केंद्र रांची में झारखंड के 18 से 35 वर्ष तक के युवक-युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी मुख्यमंत्री सारथी योजना के मोबिलाइजर हेड अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि झारखंड के रहने वाले वैसे जिनका उम्र 18 से 35 वर्ष तक है उनका आवेदन लिया जा रहा है। ताकि वह रांची दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सके और प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट एवं रोजगार के लिए अन्य विभागों में भेजा जायेगा।

### निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर शुरू



**लोहरदगा।** मारवाड़ी युवा मंच ने महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से मुंद्रिका बैंक्वेट में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के डॉ कुमुद अग्रवाल, मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ, निवर्तमान सचिव अनुराग पोद्दार, शैलेष पोद्दार ने किया। डॉ कुमुद अग्रवाल ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मंच सदैव सभी वर्ग की, पूरी निष्ठा से सेवा करती रही है, अंग प्रत्यारोपण कर लोगों को स्वालंबी बनाना बड़ी बात है। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांगजनों का स्वागत किया। कहा कि शिविर में खूंटी, गुमला, नेतरहाट, पालकोट, डाल्टनगंज सहित दूर-दूर से भी लाभार्थी आये हैं। प्रांतीय संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने जानकारी दी कि आज 55 लोगों को सुनने की मशीन दी गयी। 10 लोगों को बैसाखी दी गयी। बाकी बचे लोगों को कल मशीन दी जायेगी और जिनके हाथ पैर नहीं उनकी मापी ले ली गयी। उन्हें भी कल कृत्रिम हाथ पैर दिये जायेंगे और जल्दी ही नेत्र रोग की उपचार की भी व्यवस्था की जायेगी। जिसमें लोगों को जांच उपरांत नि:शुल्क चश्मा दिया जायेगा।

# खेल से स्वास्थ्य के साथ सहयोग और सद्भावना की सीख पाते हैं युवा : मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को प्रखंड के सढ़ाबे महादेव मैदान में धूमधाम और आधुनिक नागपुरी आर्केस्ट्रा के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। पांच दिवसीय अमर शहीद हलधर-गिरधर फुटबॉल खस्सी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार व दर्शकों के लिए भी लॉटरी से कौन बनेगा विजेता लॉटरी के तहत खस्सी व मुर्गा देकर पुरस्कृत किया गया।



विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

फाइनल मैच में यूएफसी गाराडीह की टीम को जीयसएम भीठा ने 2-0 से हराया। तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार का निर्णय टॉस से किया गया, जिसमें युवा जागृति भीठा व जी स्टार रही।

समापन के मुख्य अतिथि मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबंधन भगत, पंसस सीमा भगत, एसआई संतोष कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव व अन्य अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार एक खस्सी व 20 हजार, द्वितीय एक खस्सी व 15 हजार, तृतीय एक खस्सी व 10 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार एक खस्सी व 8 हजार रुपये के अलावे पांचवां से 10 तक एक-एक फुटबॉल पुरस्कार के रूप में बंटा।

मुख्य अतिथि मुखिया सुमित्रा उरांव ने कहा कि इस भागमभाग के दौर में एक खेल ही ऐसी उपाय है जिससे युवा अपने स्वास्थ्य के साथ साथ एक दूसरे से सहयोग, सद्भावना और अलग अलग क्षेत्र के लोगों के साथ उठना बैठना सीखते हैं। इसके अलावे जहां एक तरफ इंसान सिर्फ पैसों के पीछे परेशान है वैसे में खेल के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से क्षेत्र में एक तरहः से उत्साह का माहौल बनता है।

अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में हुई भाषण और एकल गायन प्रतियोगिता

# पढ़ लिखकर आयो-आबा का सपना पूरा करें : शशि शारदा

■ भाषण में अनुपा कुजूर व एकल संगीत प्रतियोगिता में सोनिका कुमारी रही प्रथम स्थान पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में सोमवार को भाषण और एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के उत्साही विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में सभी ने रोचक विषय एवं कुशल भाषा शैली में अपनी प्रस्तुति दी। एकल संगीत में भी विद्यार्थियों ने अपने मधुर




प्रमाण पत्र लिये विजेता प्रतिभागी व साथ में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं।

संगीतों से समा बाँध रखा था। भाषण प्रतियोगिता में अनुपा कुजूर को प्रथम, अर्चना कुमारी को द्वितीय और कुणाल मुंडा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं एकल संगीत प्रतियोगिता में सोनिका कुमारी को प्रथम, बिनीता टोप्पो को द्वितीय और नीतू कुजूर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार का वितरण किया गया। निर्णायक मंडली की भूमिका में संत पीटर उवि टोंगो से आयीं सहायक शिक्षिका शशि शारदा टोप्पो ने अपने बीते दिनों को याद किया।

## स्पीड न्यूज

### सिविल सर्जन ने किया पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल चतरा में सघन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर व एक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। तीसरे चरण का यह अभियान पूरे चतरा जिले में 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान के दौरान शून्य से 5 वर्ष तक के 3530 बच्चों के साथ साथ गर्भवती 665 महिलाओं का टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है।अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिले में कुल 407 बूथ बनाए गए हैं।

### संयुक्त मोर्चा का प्रस्तावित हड़ताल स्थगितः बिनोद बिहारी



**टंडवा।** एटक नेता बिनोद बिहारी पासवान व एटक मगध सचिव दीपांशु सिंह ने बताया कि 9अक्टूबर को दिल्ली में कोल इंडिया प्रबंधन एवं संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि की दिल्ली में हुई बैठक में चर्चा उपरांत प्रबंधन द्वारा कामगारो का माह सितंबर 2023 का वेतन भुगतान वेतन समझौता के अनुसार ही तुरंत करने के आश्वासन के बाद दिनांक 12,13,14 अक्टूबर 2023 तीन दिवसीय प्रस्तावित हड़ताल को संयुक्त मोर्चा द्वारा स्थगित किया गया, बताया कि जबलपुर हाई कोर्ट ने एक सप्ताह के लिए स्टे लगा दी है। अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

### कांग्रेस का 31वां जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**कोडरमा।** कांग्रेस का 31वां जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में साइंस फॉर सोसायटी कोडरमा द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजेंद्र कुमार ( राज्य शैक्षणिक समन्वयक झारखंड), विशेषज्ञ–रिसोर्स पर्सन के रूप में एस के राय, चंद्रशेखर कुमार, शशांक शेखर उपस्थित रहे।

### संकल्प शपथ सप्ताह का समापन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में 9 अक्टूबर को बीडीओ पप्पु रज्जक की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संकल्प शपथ सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, कोडरमा डीपीओ अनुप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा अपने अपने पंचायत में अच्छा प्रदर्शन किया गया, जिसे लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सधन मिशन इंद्रधनुष 50 कार्यक्रम का तृतीय चरण का शुभारंभ



**कोडरमा।** जिले में तीन चरणों में चलने वाले सधन मिशन इंद्रधनुष 50 का तृतीय चरण सोमवार को शुरू हो गया है। सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने इसकी विधिवत शुरुआत की। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के तृतीय चरण में अभियान को चुनौती के रूप में लें, ताकि अभियान के दौरान टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाएं और शून्य से 5 वर्ष आयु वाले बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित हो। वहीं उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अभियान के दौरान अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ साथ उनका इम्युनिटी सिस्टम में वृद्धि हो, इस दौरान सीएस ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते हुए कहा कि टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है, इससे कई बीमारियों से बचाव होता है।

### थाना प्रभारी का गाली-गलौज एवं मारपीट को लेकर एसपी से शिकायत

**कोडरमा।** बिना छानबीन किये अनावश्यक रूप से घर में घुसकर पुलिस द्वारा पूरे परिवार को गाली–गलौज व बुरी तरह से मार–पीट करने व धमकी देने के संबंध में रामदेव प्रसाद यादव पिता स्व.टुकलाल प्रसाद यादव, राउतडीह सतगावां निवासी ने एसपी को आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि 6 अक्टूबर को समय करीब 2:30 बजे रात्रि सतगावां थाना प्रभारी एवं गावां थाना प्रभारी गिरिडीह मेरे घर आकर मेरे परिवार के साथ गाली–गलौज तथा मारपीट करने लगा। जब हमलोगों मार–पीट करने का कारण पूछे तो नहीं बताये और लागातार मार–पीट करते रहे।

शोषित, वंचित व आदिवासियों के हक-अधिकार की रक्षा पर निरंतर कार्य कर रही है सरकार

# हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है : मिथिलेश





मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता व उपस्थित कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रंका के विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ मिशन उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को झामुमो युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कार्यकर्ताओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासी, दलित, वंचित, शोषित व पिछड़ों के हक-आिकार की रक्षा एवं उन्हें सामाजिक न्याय देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। श्री सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास का नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। झारखंड राज्य लगातार विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह बात विपक्षियों को पच नहीं रही है। इसलिए विपक्षी ताकतें सरकार को अस्थिर कर राज्य के विकास में बाधा डालना चाहती हैं।

लेकिन हम सब लोगों को एकजुट होकर ऐसी ताकतों को करारा जवाब देना होगा। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम सबको जनता के बीच जाकर विपक्षी खेमे की सच्चाई को उजागर करना है। ताकि जनता विपक्ष की असलियत जान सके। उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत बड़ी ताकत होती है। येुवा यदि ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं है। आज हमारे सभी युवा कार्यकर्ता अपनी सरकार एवं अपने जनप्रतिनिधि के बेहतर कार्यों के उत्साह से लबरेज हैं। सभी कार्यकर्ता अेपने-अपने क्षेत्र के जनता के बीच जायें एवं जनता को सरकार द्वारा उनके हित के लिए किये जा रहे कार्यों को बतायें एवं सरकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने का भी कार्य करें। साथ ही सभी कार्यकर्ता विपक्ष की काले कारनामों को भी जनता को बतायें कि उनकी चुनी हुई झारखंडी जनमानस की जनप्रिय सरकार को विपक्ष कैसे परेशान कर रही है। राज्य की जनता का हक एवं अधिकार कैसे लूट रही है। मंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हेमंत सरकार ने राज्य का जितनी तेजी से विकास किया है यह विपक्ष को पच नहीं रहा है। झारखंड में भाजपा को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इसीलिए केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई को मोहरा बनाकर बेवजह राज्य के विकास को बाधित करने, गरीबों की चुनी हुई झारखंडी जनमानस की सरकार को अस्थिर करने पर तुली हुई है। मंत्री ने कहा कि जनता भाजपा के चाल एवं चरित्र को अच्छी तरह से समझ चुकी है।

समय आने पर जनता इसका करारा जवाब देगी। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, अतहर अली, दिलीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, अरविंद यादव, कार्तिक पांडेय, रतन सिंह, राजकिशोर यादव, हेमंत लकड़ा, देवेंद्र तिवारी, ज्योति लकड़ा, लीलावती देवी, दीपक सोनी, पप्पु यादव सहित रंका, रमकंडा एवं चिनियां के सभी पंचायतों के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार भेजा गया जेल

### नगद 36,525, 6 सिम कार्ड व 27 मोबाइल जप्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस ने साइबर ठगी मामले का उद्भेदन करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। साइबर क्राइम से जुड़े आरोपियों को पुलिस ने तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड के अलग अलग क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अपराधी पश्चिम बंगाल और बिहार राज्य के अलग अलग जगहों के हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सलाहपुर, सिवान बिहार निवासी रामबाबू यादव पिता स्व शिव दयाल यादव, उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल निवासीत् तारकेश्वर कुमार पिता चिंता महतो और सूर्यकांत शर्मा पिता उपेंद्र शर्मा, कतरीसराय जिला नालंदा बिहार के संजीत कुमार शर्मा पिता जगदीश ठाकुर, सियरभुक्का जिला गया के उद्देश्य कुमार पिता रामजन्म साव, सुंदरपुर कतरीसराय जिला नालंदा बिहार के भूषण कुमार पिता राजेन्द्र यादव, भवानीबिगहा, जिला नवादा बिहार के सन्तोष कुमार यादव पिता बालेश्वर यादव, सोहसराय जिला नालंदा बिहार के मो फारुख पिता नौशाद और हीरापुर जिला पश्चिम वर्धमान, पश्चिम बंगाल निवासी सन्नी रजक उर आदित्य रजक पिता टुनटुन रजक के नाम शामिल हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 27 मोबाइल, 12 एटीएम, 6 सिम कार्ड, नगद 35625, रजिस्टर 19 पीस, कई बैंकों के पासबुक समेत अन्य कागजात बरामद किया गया। एसपी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झुमरीतिलैया शहर में साइबर अपराधियों का गिरोह सक्रिय है और अलग अलग जगहों में रह कर ऑनलाइन ठगी का काम किया जा रहा है, सूचना के आलोक में तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर झुमरीतिलैया शहर के गांधी स्कूल रोड के तीन अलग अलग जगहों पर छापामारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया की पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि गिरोह के सदस्य अलग अलग जगहों पर किराए के मकान में रहते थे और बजाज फिनसर्व व धनी फाइनेंस कंपनी का फर्जी पदाधिकारी और कर्मचारी बनकर एक षड्यंत्र के तहत जाली कागजात तैयार कर लोगों को लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर क्राइम स जुड़े लोग ठगी का राशि निकासी करने तिलैया आने वाले हैं, सूचना के आलोक में गठित पुलिस टीम ने पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके निशानदेही पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

एसपी ने बताया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान जप्त रजिस्टर से यह प्रतीत होता है कि पकड़े गए साइबर अपराधी देश के कई राज्यों में साइबर क्राइम करते थे, इनलोगों के द्वारा पहले लोन लेने वाले लोगों की जानकारी प्राप्त किया जाता था, उसके बाद ऐसे लोगों को फोन के माध्यम से फाइनेंस कंपनी का पदाधिकारी बन कर लोन स्वीकृत कराने का झांसा दिया जाता है, झांसे में आने वाले व्यक्ति को लोन स्वीकृत हो जाने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ऑनलाइन ठगी किया जाता था। उन्होंने कहा कि जिन दो फाइनेंस कम्पनियों के नाम आया है, उनकी भी जांच की जाएगी, पुलिस को आशंका है कि इस गोरखधंधे में फाइनेंस कंपनी का कोई कर्मी तो शामिल नही है।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने सोमवार की सुबह करीब 7 बजे नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह नीमाडीह मुख्य मार्ग से अवैध रूप से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों ट्रैक्टर नीमाडीह स्थित केशो नदी बालु घाट से बालु लोड कर परिवाहन कर नवलशाही बाजार में कहीं बेचने आ रहा था।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस की जांच

**कोडरमा।** नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की बारी-बारी से सभी दुकानदारों से जांच की गई, जहां ट्रेड लाइसेंस नहीं पाई गई, उनपर जुर्माना लगाया गया एवं झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 के धारा 455 के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

### सूरज इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ने प्लम्बर मिस्त्रियों को दिया उपहार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियाडीह-मरकच्चो मुख्य मार्ग दरदाही चौक स्थित सूरज इंटर प्राइजेज व निर्माण पाइप्स के द्वारा प्लम्बर मिस्त्री का एक सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से निर्माण पाइप्स के सेल्स मैनेजर उपस्थित थे। वहीं सूरज इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सूरज कुमार के द्वारा प्लम्बर मिस्त्रियों को उपहार दिया गया।

## संकल्प सप्ताह समावेश समारोह का आयोजन



उपस्थित पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नीति आयोग के द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड चयनित किया गया है। जिसके तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में संकल्प सप्ताह समावेश समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से नीति आयोग से दुर्गेश तिवारी, पिरामल फाऊंडेशन से कामेश कुमार उपस्थित रहे।

बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में 3 से 9 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 30 सितंबर को आकांक्षी प्रखंडों में संकल्प सप्ताह के लिए निर्देश प्राप्त था। जिसमें स्वास्थ्य मेला, पोषण मेला, स्वच्छता शिविर, कृषि मेला, शिक्षा मेला, आजीविका मेला आयोजन किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ, सीओ सह सीडीपीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, प्रखंड कृषि प्रभारी पदाधिकारी सुरेश सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम सुरेंद्र कुमार एवं शिक्षा विभाग बीपीएम विभा रानी कुजूर से संकल्प सप्ताह में आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया गया। इसके साथ सभी विभाग से क्षेत्र में हो रही समस्या पर भी चर्चा किया गया और साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कहा गया कि सभी विभाग मिलकर सभी समस्याओं को निदान करें। इस दौरान पंचायत सचिव प्रशांत कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार पांडे, श्रीकांत उपाध्याय, मुर्तजा अली, रविंद्र नाथ दुबे एवं शिव शंकर ठाकुर से भी पंचायत क्षेत्र में समस्याओं के बारे में जानकारी लिया गया। इस दौरान मुकेश पांडेय ने कहा कि रामपुर पंचायत क्षेत्र में शिक्षा एवं पोषण मैं सुधार लाने की जरूरत है।

परमानंद प्रसाद ने कहा कि टड़हे पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कत आ रहा है। कृषि विभाग द्वारा सही समय पर किसानों को बीज नहीं मिल रहा है। रविंद्र नाथ दुबे ने कहा कि मोरबे पंचायत में दो आंगनबाड़ी केद्रो में कमी है जिसमें एक आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की सुविधा नहीं है बच्चों को घर से पानी पीना पड़ रहा है। बीडीओ ने सभी पंचायत सेवक को निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत में वैसे बच्चे जो विद्यालय में नामांकित नहीं है उन पर ध्यान देने की जरूरत है। बहुत ऐसे गरीब बच्चे हैं जिनके माता-पिता गुजर चुके हैं और उनकी शिक्षा व्यवस्था नहीं हो पा रही है। उन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही श्री भास्कर ने कहा कि पंचायत में किसी प्रकार की कमी रहती है तो यह कर्मियों को विशेष ध्यान देना है। इस समावेश कार्यक्रम के दौरान विभा रानी कुजूर, मंजू देवी, रूबी तबस्सुम, सुरेश सिंह, सुरेंद्र कुमार, राजन सिंह, परमानंद प्रसाद एवं प्रशांत कुमार मिश्र को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका सुमित्रा देवी, प्रभा देवी, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी प्रखंड कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित पेयजल प्रण्मडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई। चतरा जिला अंतर्गत घरेलू कार्यरत नल से जल (एफएचटीसी) कवरेज का लक्ष्य क्वार्टर-1 और क्वार्टर-2 के बारें में जानकारी दी गई कि इसका लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है वहीं क्वार्टर-3 का लक्ष्य तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। जिस जलापूर्ति योजना में घरेलू कार्यरत नल से जल (एफएचटीसी) योजना को पूर्ण कर लिया गया है वहां टीम बनाकर सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं टण्डवा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा के क्रम में तय समय सीमा के अंदर टण्डवा जलापूर्ति योजना को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इटखोरी एवं जीरवाखुर्द जलापूर्ति योजना के कार्य जल जीवन मिशन में बाधा उत्पन्न करने वाले दोषियों के उपर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### आरएनएम कॉलेज में सात दिवसीय डिजिटल कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय में सात दिवसीय डिजिटल कार्यशाला का शुभ आरंभ किया गया।इस कार्यशाला का शुभ आरंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव डा प्रमोद कुमार एवं प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह,रिसोर्स पर्सन हीरामन महतो,रुसा कोऑर्डिनेटर प्रो फखरुद्दीन अंसारी, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज भारत समेत पुरी दुनिया आधुनिक सामग्री से लैस हो रही है। इस लिए विकसित देशों के कतार में खड़ा होने के लिए हम सब को प्रयास करना होगा।

### अफीम की खेती से भूमि होती है बंजर : थाना प्रभारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** पोस्ता की खेती से जमीन बंजर हो जाती है। अवैध रूप से पोस्ते की खेती कानून अपराध है। उक्त बातें राजपुर थाना के थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने कहा। वे सोमवार को राजपुर थाना क्षेत्र के हेमरा, लुटा के वन विभाग के साथ आयोजित जागरूकता अभियान चलाएं। थाना प्रभारी ने कहा कि इस कार्य को रोकने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। आगे इन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पोस्ते की खेती गैर कानूनी व देशद्रोही कार्य है। श्री दास ने कहा कि ग्रामीणों को पोस्ते की खेती प्रलोभन देकर भोले भाले ग्रामीणों से देशद्रोह आतंकियों द्वारा करवाया जाता है।

इससे अफीम, चरस, कोकीन, ब्राउन सुगर समेत कई तरह के मादक पदार्थों का निर्माण कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे दामों में बेचा जाता है। जबकि इसकी खेती से किसानों को व्यापक रूप से बंजर भूमि की मार झेलनी पड़ती है। बैठक में उपस्थित लोगों ने पोस्ता की खेती नहीं करने देने का संकल्प लिया। मौके पर अवधेश कुमार, नरेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने तुरी समाज के साथ की बैठक, औद्योगिक विकास पर की चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर प्रखंड के डाढा गांव में सोमवार को जिप सदस्य निशा कुमारी ने तुरी समाज के लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने तुरी समाज के उत्थान पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भी यह समाज पारंपरिक तरीके से टोकरी सहित अन्य बांस की वस्तुएं बनाते आ रहा है। ऐसे में इन्हें वस्तु बनाने में किए गए परिश्रम और लागे समय के अनुसार वस्तु की कीमत नहीं मिल पाती है। यही कारण है कि अत्यधिक मेहनत करने के बाद भी इस समाज का आर्थिक विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यह समाज सामाजिक के साथ साथ आर्थिक रूप से तभी विकसित होगा जब इसे औद्योगिक रूप से विकसित किया जायेगा। इसके लिए इस समाज के लोगों को प्रशिक्षण दिलाना होगा और बांस के संरक्षण के प्रति गंभीर होना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण दिलाने का कार्य वन विभाग करेगा। जबकि नाबार्ड सहित संस्थानों से संपर्क कर ऋण आदि मुहैया कराया जायेगा। मौके पर समाजसेवी ओम प्रकाश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन


जागरूकता यात्रा में शामिल लोग।

**चन्दवा।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन सोमवार खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग आयोग (सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार के बैनर तले सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र चंदवा में को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं संयुक्त रूप से दिप-प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के उपरांत खादी महोत्सव के बैनर तले जागरूकता यात्रा का शुभारंभ औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र से इन्दिरा गांधी चौक तक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के जिला उद्यमी समन्वयक हेमन्त केशरी, ईओडी बी प्रबंधक उद्योग विभाग लातेहार के कुणाल शाहदेव, अभिषेक कुमार गुप्ता, सुनिल कुमार सिंह अनुप कुमार गुप्ता, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक समेत औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्रिंसिपल समेत छात्र छात्राये मौजूद थे।

ए सी सी गोल्ड सीमेन्ट को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन


सेमिनार में मौजूद लोग।

**महुआडाड।** प्रखण्ड अंतर्गत शिव नगर में एसीसी गोल्ड सीमेंट के प्रोपराइटर मनिष सिंह के दुकान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में प्रखंड के दर्जनों संवेदक एवं राज मिस्त्री शामिल हुए। इस शिविर में उपस्थित संवेदक एवं राज मिस्त्रियों को एसीसी गोल्ड कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सीमेंट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इसके फायदे का बारे में बताया गया। कि यह सीमेंट अन्य कंपनियों के सीमेंट से कैसे भिन्न है, इसके स्तेमाल से ग्राहकों को किस तरह से फायदा मिलेगा, सीमेंट को कब कैसे और कितना मात्रा में स्तेमाल किया जाए समेत अन्य बातें बताई गई। जिसके बाद अपस्थित लोगों को एसीसी गोल्ड सीमेंट के प्रोपराइटर मनिष सिंह के द्वारा कुछ सामग्री भी भेंट की गई।

## सिविल सर्जन ने अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ चलाया अभियान


जांच करते सीएस।

**बालूमाथ।** लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने सोमवार को लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर बालूमाथ एवं बारीयातु में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम की जांच की। जहां बालूमाथ के टमटमटोला में अवैध रूप से संचालित एमएस नर्सिंग होम को सील कर दिया। वही बरियातू में संचालित मां उग्रतारा नर्सिंग होम की जांच की। जांच के दौरान मां उग्रतारा नर्सिंग होम में पाया गया कि क्लीनिकल एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन है। इधर सूचना लीक होने के कारण बालूमाथ टमटमटोला में संचालित श्री हॉस्पिटल समेत कई नर्सिंग होम बंद कर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि जो नर्सिंग होम बंद करके फरार हो गया है। उसके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात होकर बालूमाथ में कई अवैध नर्सिंग होम संचालित है जहां बिना सर्जन, बिना एनेस्थीसिया के धड़ल्ले से झोला छाप चिकिसक के द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किया जाता है और जब भी वरीय पदाधिकारी का जांच की टीम गठित होती है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचना लीक हो जाने के कारण अवैध नर्सिंग होम संचालक सतर्क हो जाते है। मौके पर बालूमाथ सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र प्रभारी प्रकाश बड़ाइक, जिला के स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## अपहरण के 54 घंटे बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप से शनिवार को 15 वर्षीय रेश्मा प्रवीण काल्पनिक नाम नाबालिक युवती का अपहरण के 54 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिला। लड़की के परिजन किसी अनहोनी के डर से शशंकित है। वही सोमवार को परिजनों एवं समर्थकों द्वारा घूम घूम कर बालूमाथ बाजार बंद कराया। और हिन्दू-मुस्लिम दोनो समुदायों के लोगो ने एक बैठक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बाजार टांड में रखी गयी। जिसमे उपस्थित लोगो ने अपने-अपने विचार रखे और बालूमाथ थाना पहुंचकर लड़की के शकुशल बरामदगी के लिए बालूमाथ पुलिस प्रशासन से अपील किया। मौके पर बालूमाथ प्रभारी एसडीपीओ दिलु लोहरा ने बताया लड़की के शकुशल बरामदगी के लिए पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी अभियान चला रही है। जल्द ही बरामदगी हो जाएगी। जिसके बाद बालूमाथ की बाजार पुनः खोल दिया गया।और जनजीवन सामान्य हो पाया।

चतरा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने का किया गया प्रयास

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जमीनी हकीकत रखी सामने

▶▶ हर एक कार्यकर्ता अपने आप को प्रत्याशी के रूप में देख कर करें आगामी चुनाव की तैयारी : धीरज प्रसाद साहू

खबर मन्त्र संवाददाता


मंचासीन धीरज प्रसाद साहू व कांग्रेस नेता।


बैठक में मौजूद कांग्रेसी।

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनावी सरमर्गी तेज हो गई है। भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस, झामुमो व राजद उक्त सीट से दम भरना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संगठन में जान फुंकने के उदेश्य से कांग्रेस पार्टी का चतरा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक चंदवा स्थित होटल मयूर इंटरनेशनल परिसर में संपन्न हुई। जिसमें चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पांचो विधानसभा क्षेत्र के जिला अध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न मंच, मोर्चा के पदधारी, विधान सभा प्रभारी मौजूद थे। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, विशिष्ट अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह, बिट्टू पूर्व विधायक योगेंद्र बैठा, महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह समेत पूरे प्रदेश से कांग्रेस के दर्जनो नेता व प्रभारी मौजूद थे। बैठक के दौरान चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पांचो विधानसभा क्षेत्र आए विधानसभा प्रभारी से संगठन की स्थिति की जानकारी ली गई। जहां प्रभारियों ने बताया कि संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों में पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम तेजी से जारी है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी की जमीनी हकीकत को भी संगठन के सामने रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को प्रत्याशी के रूप में देखकर काम करेंगे तो आने वाला समय कांग्रेस का होगा। संगठन में जान फूंकने एवं आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी सशक्त दावेदारी पेश करने को लेकर आज यह चतरा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आयोजित थी, बैठक में नेताओं व कार्यकर्ता को उपस्थित व जोश बताती है कि हम सभी आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता से आपसी मतभेद को भूलकर कांग्रेस को जीतने पर पर जोर देने की बात कही। आगे कहां की इंडिया गठबंधन जो भी निर्णय लेगी पार्टी के कार्यकर्ता उसके साथ खड़े होंगे। चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की मजबूत दावेदारी हमेशा से रही है, इस बार भी कांग्रेस चतरा से दावेदारी पेश करेगी। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारें में अभी वक्त है, उससे पहले हमारी जहां जहां दावेदारी है, उस क्षेत्र को मजबूत किया जायेगा। मौके पर अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शहजदा अनवर, हृदयानंद मिश्रा, विनोद कुशवाहा, चंद्रशेखर शुक्ला, प्रमोद कुमार दुबे, जयेश रंजन पाठक, प्रमोद सिंह, लाल मनोजनाथ शाहदेव, डॉ. नंद किशोर प्रसाद, रामशिष पांडेय, अशेक यादव, पिंकी सिंह, पंकज तिवारी, असगर खान, बाबर खान, निर्मल भारती समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## कामगार यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ने तुबेद कोयला खान परियोजना को सौंप आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता


ज्ञापन सौंपते यूनियन के लोग।

**लातेहार।** अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव एवं झारखंड खनिज मजदूर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे द्वारा दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान परियोजना लातेहार को 11 सूत्री मांग को लेकर आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया कि लातेहार जिलान्तर्गत तुबेद कोयला खान परियोजना में भू-रैयतों को उचित मुआवजा एवं नौकरी देने, विस्थापितों को समुचित पुनर्वास की व्यवस्था करने, सी० एस० आर० का अनुपालन करने, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्थानीय क्षेत्र को ध्यान रखते हुए समुचित विकास कराई जाए। जिला आदिवासी, हरिजन बहुल क्षेत्र है। इस संदर्भ में दिनांक 1 अक्टुबर 2023 दिन रविवार को स्थान म० वि० नेवाड़ी के मैदान में झारखण्ड खनिज मजदुर संघ एवं अखिल झारखण्ड बिरसा मुण्डा कामगार यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र की जनता का एक आम सभा का आयोजन रखा गया था। सबों की आम राय से क्षेत्र की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखत मांगो पर सहमति बनाया गया है। एवं सर्वसम्मति से पारित किया गया है। तुबैद कोल प्रोजेक्ट में कोयला लोडिंग का कार्य मशिनों से न कराकर मजदूरों से कराने की व्यवस्था कि जाए। जिससे स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिल सके। तुबैद कोल प्रोजेक्ट में अन्य कार्यों में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार की व्यवस्था की जाए। तुबैद कोल प्रोजेक्ट में जिन रैयतों की जमीन लिया गया है। उसे उचित मुआवजा एवं नौकरी देने की व्यवस्था की जाए। तथा विस्थापितों को उनके इच्छा अनुसार जमीन उपलब्ध कर उनकी पुर्नवास की समुचित व्यवस्था की जाए। तुबैद कोल प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जो रैयत जिस जमीन पर वर्षों से दखल कब्जा कर जोत कोड़ कर खेती- बारी करते आ रहे हैं, वह जमीन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण वर्तमान में गैरमजुरूआ भूमि हो गया है, और उसे ऑनलाईन नहीं किया गया है, उसे मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। वैसे भू-रैयतों को भी उचित मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए। सबमेंत कई मांग किया गया।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में चला मोरवाई पंचायत में सदस्यता अभियान

▶▶ झामुमो के मोरवाई पंचायत अध्यक्ष बनाए गये सतेंद्र सोनी

खबर मन्त्र संवाददाता


माला पहनाकर स्वागत करते अध्यक्ष।

**बरवाडीह।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी द्वारा आगामी 2024 चुनाव को देखते हुए लगातार पार्टी का सदस्यता अभियान चला रहे है, और बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पंचायतों में बारी बारी से बैठक कर पंचायत कमेटी का गठन भी कर रहें है। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को मोरवाई पंचायत में सदस्यता अभियान चलाते हुए पंचायत कमेटी का गठन करने का काम किया। जिसमें सर्वसम्मति से सत्येंद्र कुमार सोनी को मोरवाई का पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव के रूप में सुषमा टोप्पो, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह और जीतन सिंह के अलावा सदस्य में मानो देवी, अनिल सिंह, जितेंद्र सिंह और जूही देवी को बनाया गया। जहां अफजल अंसारी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे देश में सबसे ज्यादा लोकप्रिय पार्टी है और झारखण्ड राज्य अलग होने के बाद राज्य में अधिकांक्ष वर्षों तक भाजपा की सरकार ने राज किया है, लेकिन भाजपा ने झूठे विकास के नाम पर सिर्फ गरीबों का शोषण और राज्य की जनता के साथ तानाशाही की है। जबसे झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार आई है तब से राज्य के सभी वर्गों का विकास हो रहा है, हर क्षेत्र तेजी से विकास के कार्य किए जा रहे है। इसलिए झारखण्ड की उन्नति के लिए एक बार फिर हम सबको मिलकर माननीय मुख्यमंत्री जनता के सेवक हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाना है और 2024 में फिर से उन्हें जिताना है। मौके पर प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यशकायी गौरी प्रसाद साहु मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का 10 से होगा आयोजन

▶▶ 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह व फुटबॉल टूनार्मेंट में शामिल होंगे राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में आगामी 10 अक्टूबर दिन मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के 16वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्रों के द्वारा अपने पिता के यादों के सम्मान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के खेल के मैदान में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट और एसबीआई रोड स्थित जगपति भवन में श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, समेत कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहीं श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम का समय 10:00 बजे और फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन का समय 11:00 बजे रखा गया है। मौके पर आयोजनकर्ता राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष फुटबॉल टूनार्मेंट और श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए हम सभी हर संभव प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि फुटबॉल टूनार्मेंट की तैयारी पूरी हो चुकी है इस बार फुटबाल टूनार्मेंट को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक खिलाड़ियों का एंट्री किया जाएगा। फुटबॉल टूनार्मेंट में एंट्री के लिए 6200007519, 6205158875, 7488231735 और 8541830568 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर मैच के संचालन कर्ता राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू, रवि रंजन प्रसाद साहू, सुजीत कुमार साहू, मोहम्मद कौसर खान, जोगेंद्र बाड़ा, विशाल कुजूर, विकास नगेसिया, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## दंपती से लूटपाट के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गये

▶▶ लातेहार पुलिस ने किया मामले का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते अधिकारी व गिरफ्तार अभियुक्त।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डीही- मुरुप रोड के लोटो गांव के गैस गोदाम के समीप दो अक्टूबर की रात्रि शादी समारोह से लौट रही दंपति के साथ लूटपाट मामले का लातेहार पुलिस ने उद्बेदन कर दिया है। इस घटना में शामिल सात अपराधियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में जोहन सिंह उर्फ जगमोहन पिता ब्रिजकिशोर सिंह (बिनगड़ा, बनबिरका, लातेहार), राजू रंजन उरांव पिता कमलेश उरांव (बरैनी, लातेहार), विवेक गोसाई उर्फ छोटका पिता मनोज गोसाई, संजय लोहरा पिता रामा लोहरा, नंदन भुईयां उर्फ डल पिता विजय भुईयां, सुमित कुमार वर्मा पिता कन्हाई राम (चारों सभी चंदनडीह, लातेहार) व अतुल कुमार उर्फ नान्हु पिता रविंद्र प्रसाद उर्फ टुनटुन प्रसाद (गर्ल स्कूल के सामने लातेहार) शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल, .315 बोर के तीन जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, दंपति से लूटा हुआ नाक का बेसर, दो मोबाइल, 1150 रुपए नगद व एक एसबीआई का एटीएम बरामद किया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर की रात्रि नावागढ़ से एक शादी समारोह से शामिल होकर एक दंपति अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान हथियार के बल से दंपति को रुकवाया और 15000 नगद, पायल, नाक का बेसर, हाथ का कंगन, चैन, कान का फूल व फोन पे के माध्यम से 2400 की लूट की गई थी। इस मामले में लातेहार थाना कांड संख्या 203/23 भादवि की धारा 392 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम ने सबसे पहले फोन पे के माध्यम से लिए गए अभियुक्त अतुल कुमार की गिरफ्तारी की गई। उसकी निशानदेही पर सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम संजय लोहरा, नंदन भुईयां, सुमित कुमार वर्मा व अतुल कुमार के द्वारा दिया गया था। जबकि विवेक गोसाई रेकी का कार्य कर रहा था। वही जोहन सिंह उर्फ जगमोहन सिंह व राजू रंजन उरांव ने हथियार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में कुछ का अपराधी के इतिहास भी रहा है। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राज रोशन सिन्हा, देवानंद कुमार, सअनि कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, फुलेश्वर कुमार अकेला व थाना के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित दोमुहान मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शुक्रवार को लगभग 12:30 बजे दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में रूपेश सिंह उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय बालरूप सिंह, उदय भुइयां उम्र 25 वर्ष पिता भीखन भुइयां, बिफन भुइयां उम्र 40 वर्ष सभी का घर लावागढ़ हेरहंज (लातेहार) और मनमोहन सिंह उम्र 20 वर्ष पिता स्वर्गीय भुवनेश्वर सिंह, मनदीप सिंह उम्र 18 वर्ष पिता स्वर्गीय रामवृक्ष सिंह दोनों का घर मोरवाई बरवाडीह शामिल हैं। वहीं घटना के विषय में जानकारी देते हुए रूपेश सिंह ने बताया कि उदय भुइयां और बिफन भुइयां के साथ बाइक पर सवार होकर वे अपने घर लावागढ़ से लातेहार न्यू बाइक लेने जा रहे थे। वहीं घायल मनमोहन सिंह ने बताया कि मनदीप सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बेंदी लातेहार से अपने घर मोरवाई जा रहा था। इसी क्रम में दोमुहान मोड़ के समीप दोनों बाइक असंतुलित होकर आपस में टकरा गई जिसमें दोनों बाइक पर सवार पांच लोग घायल हो गए। वहीं सभी घायलों को समाजसेवी अख्तर अंसारी व मनिका निवासी विशाल पासवान के मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां डॉक्टर कुशाग्र कुमार के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

## चंदवा में निकली भव्य शौर्य जागरण रथ यात्रा, जगह-जगह पर हुआ स्वागत


शौर्य जागरण यात्रा में शामिल लोग।

**चंदवा।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान निकाली गयी भव्य शौर्य जागरण यात्रा सोमवार को चंदवा पहुंची, चंदवा से सैकड़ो की संख्या में विहिप व बजरंग दल के कार्यकताओं ने चंदवा के नगर मंदिर से शौर्य जागरण यात्रा की शुरूआत की। इसके उपरांत रथ एनएच-99 मुख्य मार्ग होते कुजरी, हरैया मोड, शुक्रबाजार, अलौदिया, कंचन नगरी, ब्लॉक कॉलोनी, देवी मंडप, बोरसीदाग, लोहरसी समेत प्रखंड के कई स्थानो पर पहुंची जहां माताओं बहनो एवं श्रद्धालुओं के द्वारा शौर्य रथ का आरती उतारकर स्वागत किया गया साथ हीं रथ स्थापित भगवान श्रीराम, जानकी का आर्शीवाद लिया व रामसेतू बनाने में प्रत्युक्त हुये दिव्य पत्थर का भी दर्शन किया। इसके उपरांत संध्या बेला में शनि हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में रामभक्त शामिल रहे। वहीं देर शाम पंचमुखी हनुमान मंदिर में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि अयोध्या से चलकर आए शौर्य जागरण रथ का हम सभी को स्वागत करने का सौभाग्य मिला। पूरे भारत का भ्रमण कर हजारों की संख्या में राम भक्त पूरे हर्षोल्लास के साथ रथ का स्वागत करने के लिए रोड पर खड़ा हैं। कहीं ना कहीं अपने आराध्य राम भगवान के मंदिर में विराजमान होने के लिए सभी राम भक्त आतुर हैं और खुशियां मना रहे हैं। शौर्य यात्रा में पुरे प्रखंड से सैकड़ो की संख्या लोग शामिल थे।

## बीडीओ ने किया बीएलओ के साथ बैठक

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुमारी ने उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्वेक्षकों को एसएसआर 2024 के क्रम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने शतप्रतिशत ब्लैक एण्ड वाईट एवं पुराने फोटो को गुणवतापूर्ण फोटोग्राफी करने का भी निर्देश दिया मौके पर आलोक कुमार दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चन्दन कुमार, बिमला कुमारी, प्रकाश यादव, विजय यादव, बी एल ओ बबीता देवी, सबिता देवी, सुषमा देवी निलम देवी, शक्लमणी देवी, विनिता टोप्पो सहित कई पर्यवेक्षक एवं बीएलओ मौजूद रहे।

बीडीओ ने सभी बीएलओ को 24 घण्टे के अंदर सभी घरों का डोर टू डोर सर्वे करने का कार्य संपन्न करने का निर्देश

# बीडीओ ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

▶▶ 15 नवंबर को सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को किया जायेगा पुरष्कृत : राकेश सहाय

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित पर्यवेक्षक और बीएलओ।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने पर्यवेक्षक और बीएलओ के साथ बैठक कर मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को 24 घण्टे के अंदर सभी घरों का डोर टू डोर सर्वे करने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही पांच ऐसे बूथ जहां से फॉर्म 6 की कम प्राप्ति हुई है, उससे संबंधित सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं सभी बीएलओ को मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिदिन 20-20 की संख्या में बदल देने का निर्देश दिया। साथ ही इस कार्य को संवेदनशीलता पूर्वक करने का निर्देश दिया, ताकि शत प्रतिशत ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिस्थापित कर दिया जाए। इसके अलावा बीडीओ श्री सहाय ने आगामी 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के दिन सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को सम्मानित करने और नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। यह भी कहा कि यदि सभी बीएलओ ब्लैक एंड व्हाइट फोटो और पुअर इमेज फोटो को प्रतिस्थापित कर देते हैं तो सभी बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं का सत्यापन और मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने का भी निर्देश बीडीओ हे दिया तथा सभी सुपरवाइजर को व्यक्तिगत रूप से सभी बूथों का भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

## दिल्ली हाइकोर्ट की कार्यवाही का सीधा प्रसारण कल से

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट 11 अक्टूबर से कोर्ट की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करेगा। इसकी शुरुआत चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच की कार्यवाही के सीधा प्रसारण से होगी। शुरुआत में कुछ चुनिंदा मामलों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

## शिकागो में रेस्तरां के बाहर गोली चली आठ घायल

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में रिवर नॉर्थ क्षेत्र में स्थित ब्लम रेस्तरां और बार के बाहर रविवार तड़के हुई गोलीबारी में आठ लोग घायल हो गये। शिकागो पुलिस ने कहा कि वेस्ट एरी स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में सुबह करीब 2:40 बजे गोली चली। इस गोलीबारी में आठ लोग घायल हो गये। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गयी है।

## तमिलनाडु विस में कावेरी का पानी छोड़ने का निर्देश देने का प्रस्ताव पारित

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा ने सोमवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों के अनुसार कर्नाटक सरकार को कावेरी जल छोड़ने का निर्देश देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधानसभा में कहा कि कावेरी डेल्टा के किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए कावेरी का पानी का आवश्यक है। कावेरी डेल्टा का क्षेत्र तमिलनाडु की कृषि का आधार है।

## कथावाचक शिवाकांत महाराज को मिली सिर कलम करने की धमकी

**कानपुर।** शहर के चर्चित व अंतरराष्ट्रीय कथावाचक आचार्य शिवाकांत जी महाराज को सोशल मीडिया के जरिये धमकी मिली है। इसमें उनका सिर कलम करने और कब्र में दफनाने की बात लिखी गयी है। उन्होंने कल्याणपुर थाने में शिकायत की है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस और साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कथावाचक का कहना है कि कुछ संदिग्ध गाड़ियां उनका पीछा करती हैं।

## तमिलनाडु में पटाखा गोदाम में विस्फोट 9 लोगों की मौत

**चेन्नई।** अरियालुर के पटाखा गोदाम में विस्फोट से 9 लोगों की मौत हो गयी है। घटनास्थल पर राहत कार्य तेजी से जारी है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतक परिवारों को 3 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की सहायता की घोषणा की है।

# कृषि-खाद्य प्रणालियों को समावेशी और अधिक न्यायसंगत बनाना होगा : राष्ट्रपति

## दिल्ली में न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणाली पर सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है, बल्कि पृथ्वी और मानव जाति की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने नयी दिल्ली में सीजीआइएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) द्वारा आयोजित 'अनुसंधान से प्रभाव तक : न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर' विषयक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई समाज न्याय से रहित है, उसकी समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जब लैंगिक न्याय की बात आती है, तो सबसे पुराने विज्ञान के रूप में जाना जाने वाला कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर पाया जाता है। मुर्मू ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को महामारी के वर्षों में नौकरी का अधिक नुकसान हुआ, जिससे प्रवासन शुरू हुआ।



अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमने देखा है कि महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। वे कृषि संरचना के सबसे निचले पिरामिड का बड़ा हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के लिए सीढ़ी पर चढ़ने के अवसर से वंचित किया जाता है। मुर्मू ने कहा कि दुनिया भर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों और सामाजिक नेटवर्क में रोका जाता है। उनके योगदान को मान्यता नहीं दी गयी है, उनकी भूमिका को हाशिये पर रखा गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त होने के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल महिला विकास, बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अस्तित्व गत खतरा है और हमें अभी तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन बाधित हो रहा है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि का कारण बन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय, आर्थिक रूप से किफायती और सामाजिक रूप से उचित उत्पादन के लिए, हमें अनुसंधान की आवश्यकता है, जो इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए परिस्थितियों को सक्षम कर सके।

## अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल

**स्टॉकहोम (हि.स.)।** अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल कहा जाने वाला स्वेरिगेस रिक्सबैंक पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से घोषणा की गयी कि महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत करने के लिए गोल्डिन को यह सम्मान दिया गया है।


अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में हर वर्ष स्वेरिगेस रिक्सबैंक पुरस्कार दिया जाता है। इसे अर्थशास्त्र का नोबेल भी कहा जाता है। वर्ष 2023 के लिए यह पुरस्कार अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को देने का निर्णय हुआ है। गोल्डिन का जन्म वर्ष 1946 में न्यूयार्क में हुआ था। गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ-साथ शेष लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का भी पता चलता है। क्लाउडिया गोल्डिन के शोध निष्कर्षों में कहा गया है कि वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है और जब



वे काम करती हैं, तो पुरुषों की तुलना में कम कमाती हैं। उन्होंने अमेरिका से 200 वर्षों से अधिक का डाटा एकत्र किया है।

गोल्डिन ने दिखाया कि इस पूरी अवधि में श्रम बाजार में महिला भागीदारी में ऊपर की ओर रुझान नहीं था, बल्कि एक यू-आकार का वक्र बना। उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में कृषि प्रधान समाज से औद्योगिक समाज में परिवर्तन के साथ विवाहित महिलाओं की भागीदारी कम हो गयी, लेकिन फिर बीसवीं सदी की शुरुआत में सेवा क्षेत्र के विकास के साथ इसमें वृद्धि होने लगी। गोल्डिन ने इस पैटर्न को घर और परिवार के लिए महिलाओं की जिम्मेदारियों के संबंध में संरचनात्मक परिवर्तन और विकसित हो रहे सामाजिक मानदंडों के परिणाम के रूप में समझाया।

## पवन सिंह और स्मृति सिन्हा का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' हुआ रिलीज



स्टार पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की फिल्म 'आज जीने की तमन्ना है' का गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' रिलीज हो गया। यह गाना तेजी से वायरल भी हो रहा है। रोमांस से भरपूर इस गाने में पवन सिंह और स्मृति सिन्हा की केमेस्ट्री ने धमाल मचा दिया है। यह फिल्म जल्द ही जियो सिनेमा पर स्ट्रीमिंग की जायेगी, लेकिन उससे पहले इस फिल्म का सोमवार को रिलीज हुआ गाना दर्शकों को पसंद आ रहा है। गाना यशी फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों लोग देख चुके हैं और इस गाने पर जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' को मिल रहे प्यार को लेकर पवन सिंह ने कहा कि गाना हमारे दर्शकों को पसंद आया, यही हमारी सफलता है। वे हमारे भगवान हैं। उनके लिए ही मैं गाता हूं और मां सरस्वती की कृपा से दर्शकों को मेरी गायकी पसंद आती है। एक कलाकार के नाते इससे बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं है। जहां तक बात इस गाना 'आज धरती पे उतरल बा चांद' की है, तो इस गाने में स्मृति सिन्हा के साथ मिलकर हमने लाजवाब काम किया है।

## वाट्सएप देश भर में अपने परिवार के सदस्यों से जुड़ने का एक और सशक्त माध्यम : पीएम

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वाट्सएप मेरे लिए देशभर में अपने परिवार के सदस्यों से जुड़ने का एक और सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने अपने वाट्सएप चैनल का लिंक भी शेयर किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, वाट्सएप मेरे लिए देशभर के अपने परिवारजनों से जुड़ने का एक और सशक्त माध्यम बन रहा है। मेरे इस चैनल के जरिए आप मुझसे जरूर जुड़ें और सभी अपडेट्स तुरंत अपने फोन पर ही पायें।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब चैनल्स फीचर के जरिये वाट्सएप पर भी हैं, जिसकी घोषणा पिछले माह की गयी थी। चैनल प्रधानमंत्री मोदी को एप पर अपने समर्थकों को वाट्सएप पर संदेश भेजने की सुविधा देता है। प्रधानमंत्री की पहली पोस्ट नये संसद भवन में बैठे उनकी एक तस्वीर है, जिसके कैप्शन में लिखा है, वाट्सएप समुदाय में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं! यह निरंतर बातचीत की हमारी यात्रा में एक और कदम है। आइये, यहां जुड़े रहें! यहां नयी संसद भवन की एक तस्वीर है...।




### प्रधानमंत्री आज एशियाई खेलों के पदक विजेताओं से करेंगे मुलाकात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अक्टूबर को शाम लगभग 4:30 बजे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, नयी दिल्ली में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करेंगे और संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में भारतीय दल की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। भारत ने एशियाई खेल 2022 में 28 स्वर्ण पदक सहित कुल 107 पदक जीते हैं। जीते गये पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे।

## भाजपा ने मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जारी की सूची

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए चौथी सूची में 57 उम्मीदवार, छत्तीसगढ़ के लिए 64 उम्मीदवारों की दूसरी सूची, राजस्थान के लिए 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गयी। सूची में भाजपा ने जहां पुराने चेहरों पर दांव लगाया है, वहीं सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। इनमें राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौर सहित सात सांसदों को टिकट दिया गया है। छत्तीसगढ़ से तीन सांसदों और मध्य प्रदेश से तीन केंद्रीय मंत्री के साथ सात सांसदों को उम्मीदवार बनाया गया है।

मध्य प्रदेश की भाजपा उम्मीदवारों की चौथी सूची में अधिकतम मौजूदा मंत्री और विधायक शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी परंपरागत सीट बुधनी से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी ने दतिया से वर्तमान सरकार में गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है। इस सूची में चार महिलाओं को भी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू कृष्णा गौर फिर से गोविंदपुरा से चुनाव लड़ेंगी। इसके साथ जयसिंह नगर से मनीषा सिंह, मानपुर से मीना सिंह मांडवे, देवास से गायत्री पंवार, इंदौर-4 से मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ को चुनावी मैदान में उतारा है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले तीन अलग-अलग सूचियों में 79 उम्मीदवारों की घोषणा की है। अब तक राज्य की कुल 230 में से 136 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पहली सूची में 41 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इसमें स्थानीय नेताओं को तरजीह दी है। पार्टी ने अपने सात सांसदों को भी मैदान में उतारा है।

### पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे : अरविंद केजरीवाल

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## फिलिस्तीनी मुद्दों को कांग्रेस पार्टी ने दिया समर्थन

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति ने सोमवार को प्रस्ताव पारित कर फिलिस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म सम्मान के साथ जीवन के अधिकारों का समर्थन किया है। प्रस्ताव में इजराइल और उसपर हुए हमले का जिक्र नहीं है। कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पारित तीन पेजों के प्रस्ताव के अंत में कहा गया है कि कांग्रेस कार्यसमिति मध्यपूर्व में छिड़े युद्ध और हजार से अधिक लोगों के मारे जाने पर गहरा दुःख और पीड़ा व्यक्त करती है। सीडब्ल्यूसी फिलिस्तीनी लोगों की जमीन, स्वशासन और आत्म सम्मान एवं गरिमा के साथ जीवन के अधिकारों के लिए अपने दीर्घकालिक समर्थन को दोहराती है। सीडब्ल्यूसी तुरंत युद्धविराम और वर्तमान संघर्ष को जन्म देने वाले अपरिहार्य मुद्दों सहित सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत शुरू करने का आह्वान करती है।

## एनएचएआइ ने टोल प्लाजा पर झगड़े की घटनाओं को रोकने को जारी की एसओपी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने टोल प्लाजा पर झगड़े और संभावित हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए सोमवार को एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। इसमें टोल प्लाजा पर्यवेक्षकों को वर्दी पर बॉडी कैमरा पहनने को कहा गया है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुलिस को रिपोर्ट करने के लिए रिकॉर्ड किया जा सके।

एसओपी के अनुसार एनएचएआइ के क्षेत्रीय कार्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि टोल एकत्र करने वाली एजेंसी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करे। टोल एकत्र करने वाली एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि टोल प्लाजा पर कर्मचारी नाम बैज के साथ निर्धारित एनएचएआइ वर्दी पहनें। हिंसा की किसी भी प्रत्याशित घटना को केवल टोल प्लाजा प्रबंधक अथवा लेन पर्यवेक्षकों द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए, जो टोल प्लाजा पर हिंसा की घटनाओं को रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी कैमरे पहनेंगे। सड़क उपयोगकर्ता द्वारा अनियंत्रित व्यवहार के मामले में लेन पर्यवेक्षक हस्तक्षेप करेगा और मुद्दे को शांतिपूर्वक हल करने का प्रयास करेगा। किसी भी परिस्थिति में टोल प्लाजा कर्मचारी उत्तेजक भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे या हिंसा का सहारा नहीं लेंगे।

### टोल प्लाजा पर्यवेक्षकों को वर्दी पर बॉडी कैमरा पहनने को कहा गया

यदि समस्या बनी रहती है या बढ़ती है, तो टोल प्लाजा अधिकारी स्थानीय पुलिस की मदद ले सकते हैं और एफआइआर दर्ज करा सकते हैं। ऐसी घटनाओं की पुलिस को रिपोर्ट करने के लिए सबूत के तौर पर कर्मचारी वीडियोग्राफी करा सकते हैं।

## भारत-तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर बनी सहमति : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और तंजानिया के बीच रक्षा क्षेत्र में पांच साल के रोडमैप पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में सोमवार को तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन के साथ विस्तार से बातचीत की। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और तंजानिया के संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। आज हम अपनी सदियों पुरानी मित्रता को सामरिक भागीदारी के सूत्र में बांध रहे हैं। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक दूसरे के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। दोनों पक्ष स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के लिए एक समझौते पर काम कर रहे हैं।

# गीतांजलि क्लब मोरहाबादी ने समस्याओं के समाधान की ओर बढ़ाया कदम

**खबर का असर : 'पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान' अभियान**

## पूजा समिति और रांची नगर निगम हुए सक्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हिंदी जगत का लोकप्रिय दैनिक अखबार 'खबर मन्त्र' ने एक माह तक 'पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान' अभियान चलाया। इस अभियान में शहर के मुख्य पंडालों के साथ-साथ हमने कई अन्य पंडालों की समस्याओं को भी प्रमुखता से अपने अखबार में जगह दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था कि पूजा पंडाल के आसपास की समस्याओं का समाधान रांची नगर निगम या पूजा समिति करे।

सोमवार को हमारी टीम मोरहाबादी स्थित गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति पंडाल पहुंची। वहां पर नगर निगम के कर्मियों द्वारा छिड़काव किया जा रहा था। वहीं, पूजा समिति ने अपने फंड से पूजा परिसर में डस्ट गिराया है। ताकि, आने वाले मां के भक्तों को किसी तरह का कष्ट ना हो।





### इको फ्रेंडली पंडाल होगा

गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति मोरहाबादी की ओर से भव्य इको फ्रेंडली पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस बार पंडाल के निर्माण में हरी सब्जियों का प्रयोग किया गया है, जैसे करेला, नेनुआ, कद्दू। यानि, नेचुरल और प्रकृति से जुड़ी वस्तुओं से पंडाल का निर्माण बंगाल के 30 से अधिक कारीगर कर रहे हैं।

### पूजा समिति के अध्यक्ष ने कहा

गीतांजलि क्लब के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा थोड़ी बहुत साफ-सफाई करायी गयी है। लेकिन, पूरी तरह हम लोग संतुष्ट नहीं थे। इसलिए हम लोगों ने अपनी तरफ से डस्ट गिराकर सड़क की मरम्मत की। नाला जाम होने की जो समस्या थी, उसे भी हम लोगों ने ठीक कराया है। हम लोग 'खबर मन्त्र' को धन्यवाद देते हैं कि साफ-सफाई के लिए उन्होंने अभियान चलाया।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## समय संवाद

लोकनायक के शब्द को असलियत में चरितार्थ करने वाले जयप्रकाश नारायण अत्यंत समर्पित जननायक और मानवतावादी चिंतक तो थ। उनका समाजवाद का नारा आज भी हर तरफ गूंज रहा है। भले ही उनके नारे पर राजनीति करने वाले उनके सिद्धान्तों को भूल रहे हों, क्योंकि उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति का नारा एवं आन्दोलन जिन उद्देश्यों एवं बुराइयों को समाप्त करने के लिये किया था, वे सारी बुराइयां इन राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं में व्याप्त है। आजादी के आंदोलन से हमें ऐसे बहुत से नेता मिले जिनके प्रयासों के कारण ही यह देश आज तक टिका हुआ है। और उसकी समस्त उपलब्धियां उन्हीं नेताओं की दूरदृष्टि और त्याग का नतीजा है। ऐसे ही नेताओं में जीवनभर संघर्ष करने वाले और इसी संघर्ष की आग में तपकर कुंदन की तरह दमकते हुए समाज के सामने आदर्श बन जाने वाले प्रेरणास्रोत थे अपने त्यागमय जीवन के कारण मृत्यु से पहले ही प्रातः स्मरणीय बन गए थे।

# अंधेरे में एक प्रकाश देश रत्न जयप्रकाश

**ललित गर्ग**

**अपने** जीवन में संतों जैसा प्रभामंडल केवल दो नेताओं ने प्राप्त किया। एक महात्मा गांधी थे तो दूसरे जयप्रकाश नारायण। इसलिए जब सक्रिय राजनीति से दूर रहने के बाद वे 1974 में सिंहासन खाली करो जनता आती है के नारे के साथ वे मैदान में उतरे तो सारा देश उनके पीछे चल पड़ा, जैसे किसी संत महात्मा के पीछे चल रहा हो।

11 अक्टूबर, 1902 को बलिया के सिताब दियारा में जन्म जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें लोकनायक के नाम से भी जाना जाता है। 1999 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिए 1965 में मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था।

उन्होंने भारतीय राजनीति को ही नहीं बल्कि आम जनजीवन को एक नई दिशा दी, नए मानक गढ़े। जैसे - भौतिकवाद से अध्यात्म, राजनीति से सामाजिक कार्य तथा जबरन सामाजिक सुधार से व्यक्तिगत दिमागों में परिवर्तन। वे विदेशी सत्ता से देशी सत्ता, देशी सत्ता से व्यवस्था, व्यवस्था से व्यक्ति में परिवर्तन और व्यक्ति में परिवर्तन से नैतिकता के पक्षधर थे। वे समूचे भारत में ग्राम स्वराज्य का सपना देखते थे और उसे आकार देने के लिए अथक प्रयत्न भी किए।

उनका संपूर्ण जीवन भारतीय समाज की समस्याओं के समाधानों के लिए प्रकट हुआ, एक अवतार की तरह, एक मसीहा की तरह। वे भारतीय राजनीति में सत्ता की कीचड़ में केवल सेवा के कमल कहलाने में विश्वास रखते थे। उन्होंने भारतीय समाज के लिए बहुत कुछ किया लेकिन सार्वजनिक जीवन में जिन मूल्यों की स्थापना वे करना चाहते थे, वे मूल्य बहुत हद तक देश की राजनीतिक पार्टियों को स्वीकार्य नहीं थे। क्योंकि ये मूल्य राजनीति के तत्कालीन ढांचे को चुनौती देने के साथ-साथ स्वार्थ एवं पदलोलुपता की स्थितियों को समाप्त करने के पक्षधर थे, राष्ट्रीयता की भावना एवं नैतिकता की स्थापना उनका लक्ष्य था, राजनीति को वे सेवा का माध्यम बनाना चाहते थे।

उनमें सत्ता की लिप्सा नहीं थी, मोह नहीं था, वे खुद को सत्ता से दूर रखकर देशहित में सहमति की तलाश करते रहे और यही एक देशभक्त की त्रासदी भी रही थी। वे कुशल राजनीतिज्ञ भले ही न हो किन्तु राजनीति की उन्नत दिशाओं के पक्षधर थे, प्रेरणास्रोत थे।

महात्मा गांधी जयप्रकाश की साहस और देशभक्ति के प्रशंसक थे। उनका हजारीबाग जेल से भागना काफी चर्चित रहा और इसके कारण से वे असंख्य युवकों के सम्राट बन चुके थे। वे अत्यंत भावुक थे लेकिन महान क्रांतिकारी भी थे। वे संयम, अनुशासन और मयार्दा के पक्षधर थे। इसलिए कभी भी मयार्दा की सीमा का उल्लंघन नहीं किया। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने अपना अध्ययन नहीं छोड़ा और आर्थिक तंगी ने भी उनका मनोबल नहीं तोड़ा। यह उनके किसी भी कार्य की प्रतिबद्धता को ही निरूपित करता था, उनके दृढ़ विश्वास को परिलक्षित करता है।

मेरी माताजी स्व. सत्यभामा गर्ग उनकी अनन्य सेविका थी। राजस्थान में होने वाले जेपी के कार्यक्रमों को वे संचालित किया करती थी, उनके व्यक्तिगत व्यवस्था में जुड़े होने के कारण उनके आदर्श एवं प्रेरणाएं हमारे



परिवार का हिस्सा थे। मेरे आध्यात्मिक गुरु आचार्य श्री तुलसी के जीवन से जुड़े एक बड़े विरोधपूर्ण वातावरण के समाधान में भी जयप्रकाश का अमूल्य योगदान है। उनकी चर्चित पुस्तक अग्निपरीक्षा को लेकर जब देश भर में दंगें भड़के, तो जेपी के आह्वान से ही शांत हुए। जेपी के कहने पर आचार्य तुलसी ने अपनी यह पुस्तक भी वापस ले ली।

जयप्रकाश नारायण को 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इंदिरा गांधी को पदच्युत करने के लिए उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति नायक आंदोलन चलाया। लोकनायक ने कहा कि संपूर्ण क्रांति में सात क्रांतियां शामिल हैं- राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रांति होती है। संपूर्ण क्रांति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। जयप्रकाश नारायण की हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। बिहार से उठी संपूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी।

जेपी के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण घर-घर में क्रांति का पर्याय बन चुके थे। लालमुनि चैबे, लालू प्रसाद, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान या फिर सुशील मोदी, आज के सारे नेता उसी छात्र युवा संघर्ष वाहिनी का हिस्सा थे।

देश में आजादी की लड़ाई से लेकर वर्ष 1977 तक तमाम आंदोलनों की मशाल थामने वाले जेपी यानी जयप्रकाश नारायण का नाम देश के ऐसे शख्स के रूप में उभरता है जिन्होंने अपने विचारों, दर्शन तथा व्यक्तित्व से देश की दिशा तय की थी। उनका नाम लेते ही एक साथ उनके बारे में लोगों के मन में कई छवियां उभरती हैं।

संपूर्ण क्रांति के आह्वान में उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाना, बेरोजगारी दूर करना, शिक्षा में क्रांति लाना, आदि ऐसी चीजें हैं जो आज की व्यवस्था से पूरी नहीं हो सकतीं क्योंकि वे इस व्यवस्था की ही उपज हैं।

वे तभी पूरी हो सकती हैं जब संपूर्ण व्यवस्था बदल दी जाए और सम्पूर्ण व्यवस्था के परिवर्तन के लिए क्रांति, सम्पूर्ण क्रांतिआवश्यक है। इसलिए आज एक नयी सम्पूर्ण क्रांति की जरूरत है। यह क्रांति व्यक्ति सुधार से प्रारंभ होकर व्यवस्था सुधार पर केन्द्रित हो। कुर्सी पर कोई भी बैठे, लेकिन मूल्य प्रतिष्ठापित होने जरूरी है।

ऐसा करके ही हम एक महान लोकनायक को सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे।

# इन पेड़ पौधे को घर में न लगाये

**ऐसा** माना जाता है कि घर में लगे पेड़-पौधे घर में सकारात्मकता लेकर आते हैं। लेकिन यह पूरी तरह सत्य नहीं है। वास्तु शास्त्र में यह माना जाता है कि कुछ पौधे ऐसे भी होते हैं जिन्हें घर में लगाने से घर में कभी पैसा टिक नहीं पाता है। यह पौधे घर की बरकत को बाहर लेकर जाते हैं। बताया जाता है कि इन पेड़-पौधों के बारे में पता लगते ही इन्हें तुरंत घर से बाहर निकालना चाहिए।

**कैक्टस का पौधा**

वास्तु शास्त्र के जानकारों की मानें तो यह बताया जाता है कि कैक्टस का पौधा घर में नहीं लगाना चाहिए। घर में कैक्टस का पौधा लगाने से घर का सारा पैसा व्यर्थ खर्चों में चला जाता है। जिन लोगों के घर में कैक्टस का पौधा लगा रहता है उनके घर में पैसे का सदुपयोग नहीं हो पाता है। इसलिए जो लोग भी अपने घर से दरिद्रता निकालना चाहते हो उन्हें अपने घर में कैक्टस का पौधा नहीं रखना चाहिए।

**बेर का पेढ़**

ऐसा माना जाता है कि बेर के पेड़ पर नकारात्मक ऊर्जा होती है। वास्तु शास्त्र के जानकार यह मानते हैं कि इस पेड़ को घर के अंदर नहीं लगाना चाहिए। जिन लोगों के घरों में बेर का पेड़ होता है उनके घर में धन हानि होती है। ऐसी मान्यता है कि बेर का पेड़ लगाने से घर का सारा धन नष्ट हो जाता है। इसलिए कहा जाता है कि बेर का पेड़ किसी को नहीं लगाना चाहिए। यह पौधा निर्धनता का कारण बन सकता है।

हरी मिर्च का पौधा कुछ विद्वानों का मानना है कि घर में हरी मिर्च का पौधा नहीं लगाना चाहिए। घर में हरी मिर्च का पौधा लगाने से घर का सारा धन व्यर्थ खर्चों में चला जाता है। जिन लोगों के घर में हरी मिर्च का पौधा लगा रहता है उनके घर में कभी बरकत नहीं आ पाती है। जिन लोगों की आर्थिक स्थिति पहले से ही खराब है उन लोगों को हरी मिर्च का पौधा घर से बाहर निकाल देना चाहिए।

पीपल का पेड़

पीपल के वृक्ष में देवताओं का वास माना जाता है। लेकिन साथ ही यह कहा जाता है कि इसमें प्रेत आत्माएं भी बात करती हैं। कहते हैं कि इससे आपके पैसे का नाश हो सकता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि अपने घर में कभी पीपल का पेड़ न लगाया जाए। अगर आपके घर में पीपल का पेड़ लगा हुआ है तो उसे किसी पवित्र स्थान पर प्रवाहित कर दें या किसी मंदिर में लगाएं।

# गंभीर सी...



**अल्का हेम्बरोम**

(सच्ची घटना पर आधारित लघु कथा)

**डबडबाई** आंखो के साथ अपने दोनों नाबालिग बच्चों के साथ खड़ी थी वह मेरे सामने ....मैं बहुत व्यस्त होने पर भी उस माँ के आवाज को सुनना चाहा ....

पति के गुजरे कुछ वर्ष है गये ....बहुत प्यार और सीने से लगा कर रखने वाला मेरा पति अब नहीं ...उसके प्रेम तले मैं संकून की जिंदगी जी रही थी ...उसके जाने के बाद ....

बेघर सी हूँ ...जिस आंगन में कभी हम चाँदनी रातों में साथ होते थे ....आज वो आंगन छिन गया ....अब चाँदनी रात से अच्छा आमावश्या की रात ....।

घर के रिश्तेदार ने छिन लिया ...और मुझे अपनो दोनों बच्चों के लालन पालन ...के लिए न्यायालय का सहारा लेना पड़ा...।

ओह ! मेरे टेबल के महत्त्वपूर्ण कागज एकतरफ कर ...उसकी कहानी में रम गयी ....?

सरकारी प्रावधान अनुसार नाबालिग बच्चों की मदद के लिए ...सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बाल संरक्षण के अन्तर्गत स्कॉलरशिप योजना 4000/- रू प्रतिमाह ...के लिए ..आवेदन भरवा लिया ताकि अगले माह से दोनों बच्चों के पढ़ाई में मदद हो सके ...।

बस उससे पूछा ....कितना पढ़ाई किया है आपने?

बीए पास....तब आप अन्य बच्चों को टियूशन पढ़ा सकती हो ....मैम, मैं हिम्मत हार चुकी हूँ......

हमने बस कुछ देर उससे बाते की और ...

उसे हिम्मत बढ़ाया ....कि ...कम से कम

स्वंय के लिए यह काम करो ....?

और जाते जाते वह ठान कर गयी कि ...

मैं ट्यिूशन शुरू कर दूंगी ....

थोड़ी सी चमक दिखी उसके आंखो में....

और उसका आत्मविश्वास ....बढ़ते देख .....डबडबाई आंखे ...ओझल थी।

उन दोनों बच्चों ने भी ...हाथ जोड़ दिए ..

जाते जाते मेरे सामने ....

क्योंकि शायद यह पहली बार हुआ होगा ..जब उसकी हारती हुई जिंदगी में माँ को ...जीत की राह चलते देखा...।

मैं भी ...इन तीनों की जिंदगी सवरने के राह ...की ओर मुड़ते देख ....।फिर से एक नई ऊर्जा अपने आप में संचारित पाया ....?

आई लव यू जिंदगी ?

(लेखिका जिला कल्याण अधिकारी गिरिडीह हैं।)

# समाज के खिलाफ साजिश है जातिगत जनगणना !

**मृत्युंजय दीक्षित**

बिहार के मुख्यमंत्री और आईएनडीआईए गठबंधन के संभावित नेता नीतीश कुमार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव व आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर चुके हैं। यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं।

पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में बयानबाजी प्रारम्भ हो गई और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया-जिसकी जितनी आबादी उसका उतना हक।

वर्तमान में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है । जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन करा के सत्ता में आना इनका सपना है । बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमजोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष



में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर-चूर कर देगी।

जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एकझ्रदो दिन आईएनडीआईए गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनीतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है।

अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतिश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में अस्तित्व को बचाए रखने और अति पिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तैयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। मांझी का कहना है कि बिहार में यादव मात्र 4 प्रतिशत हैं तो उनकी संख्या 14 से अधिक कैसे हो गयी। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। यानी बिहार में हिंदू आबादी का प्रतिशत घट गया है जबकि तो मुस्लिम आबादी का 2.3 प्रतिशत बढ़ा है।

बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछडा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड-खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आईएनडीआईए गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी। पूरे प्रकरण में आईएनडीआईए गठबंधन और नीतिश कुमार ने अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मार ली है और भाजपा को खुलकर हिन्दुत्व की राजनीति करने का निमंत्रण दे दिया है।

# कैसे बीमार राज्य से विकसित राज्य बना यूपी?

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की एक नई और चमकदार तस्वीर प्रस्तुत की है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया है। संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में निरन्तर प्रयास चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश की इस विकास यात्रा में भी सर्वाधिक उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। प्रदेश सरकार हर तबके को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दे रही है। पहले की सरकारें कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देती थीं, जबकि वर्तमान सरकार बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश को योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में छह नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। बुंदेलखंड में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हर घर नल योजना लाई गई है। पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ते हुए गोल्डन कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार सभी गरीबों को निःशुल्क पक्के घर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दो करोड़ इकसठ लाख परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

आज राष्ट्रीय फलक पर एक ऐसा उत्तर प्रदेश उभरकर आया है, जिसकी छवि बीमारू राज्य की नहीं, बल्कि एक ऐसे विकासशील राज्य की है जो भारत की प्रगति में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहा है।

छह साल से उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, तकनीक, डिजिटल इंडिया, कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग, तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार को कम करने व व्यवसाय का उपयुक्त माहौल प्रदान करने में की गई प्रगति सम्बन्धी काम को प्रदर्शित करने का सुअवसर मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया विजन से सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। सहकारी संघवाद की एक अभिव्यक्ति क्षेत्रीय परिषद भी है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय किया है।

उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश देश में गन्ना, चीनी और एथनॉल उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किए जाने पर भारत सरकार द्वारा ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किया गया है। छह वर्षों में दो लाख 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। दो करोड़ 62 लाख कृषकों किसान सम्मान निधि प्रदान की जा रही है। इसमें देश में उत्तर प्रदेश अव्वल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनकी सम्पत्ति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना संचालित है।

छह वर्षों में प्रदेश में 54 लाख गरीबों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। एक करोड़ 61 लाख परिवारों हर घर नल कनेक्शन से जोड़ा गया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत अब तक पौने दो करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अड़तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने के लिए पच्चीस हजार से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। लखनऊ और हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में टेक्सटाइल पार्क स्थापित होगा।

पंद्रह लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर को करीब दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरित किया गया है। कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है।

सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। पोषाहार आपूर्ति व्यवस्था में बदलाव कर स्थानीय महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। प्रत्येक दो ब्लॉकों के बीच एक प्लांट लगाया जा रहा है, जिसमें पोषाहार का उत्पादन स्थानीय महिलाएं कर रही हैं।

> छह वर्षों में प्रदेश में 54 लाख गरीबों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। एक करोड़ 61 लाख परिवारों हर घर नल कनेक्शन से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत अब तक पौने दो करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अड़तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने के लिए पच्चीस हजार से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित किए गए।

# दिवारों पर वर्टिकल फार्मिंग



**जीवीएस शास्त्री**

**यह** तो सभी को पता है कि खेती जमीन पर की जाती है। लेकिन अगर आपको पता चले कि दुनिया नें कुछ ऐसी जगहें भी हैं। जहां दीवारों पर खेती की जाती है, तो शायद आप हैरान रह जाएं। वहीं आपको बता दें कि दुनिया में ऐसी कई जगह हैं जहां दीवार भी खेती होती है। इसे वर्टिकल फार्मिंग कहते हैं। यह धीरे धीरे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इसी बीच आज हम आपको इससे जुड़ी तमाम जानकारी बताने जा रहे हैं। तो आइए इसे विस्तार से जानते हैं।

**यहां वर्टिकल फार्मिंग होती है**

आपको बता दें कि इजरायल के साथ साथ और भी कई देश हैं जहां वर्टिकल फार्मिंग होती है। दरअसल यहां खेती के लिए जमीन कम है। जिस वजह से यहां के लोग दीवार पर खेती करना बेहतर समझते हैं। इस टेकनीक को इजरायल, अमेरिका, चीन और भी कई देश इसे अपना रहे हैं।

कंप्यूटर को यूज किया जाता है

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीवार पर खेती करने के लिए कंप्यूटर को यूज किया जाता है। इसके लिए छोटे छोटे गमलों नें पौधे लगाकर दीवारों पर इस तरीके से लगाया जाता है कि वो गिरे नहीं। इसकी सिंचाई करने के लिए कंप्यूटर का यूज किया जाता है। गेंहू अनाज को उगाने के लिए यूनिट्स को दीवारों से थोड़ी देर के निकाल कर फिर से दिवार पर लगा दिया जाता है। इन फसलों को उगाने के लिए बूंद बूंद की सिंचाई की टेकनीक को अपनाया जाता है।

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है**

इस टेकनीक को देशों में अपनाया जा रहा है। इससे जमीन की बचत तो होती हैं। साथ घर का तापमान भी सही रहता है। इससे इसके आसपास के वातावरण में खुश्बू भरा होता है। वहीं वर्टिकल फार्मिंग से ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव भी कम होता है।

# घर में फिटनेस के लिए हो एक कोना

**प्रियंका चन्द्रा**

फिट इंडिया मूवमेंट पूरा हुआ। इस दौरान आधा घंटा रोज, फिटनेस की डोज का नारा दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की। असल में फिटनेस की शुरूआत हमें घर से ही करनी होगी। जिस तरह बेडरूम, ड्राइंगरूम स्टडी-रूम हमारे घर में होते हैं उसी तरह हमें अब फिटनेस रूम पर भी ध्यान रखना होगा।

जानकार कहते हैं कि आज अनेक घरों में ही जिम बनाने का चलन बढ़ा है। बेशक यह काम सबके बस की बात नहीं। एक तो स्पेस की किल्लत, दूसरे महंगे उपकरणों का रखना खासा खचीर्ला होता है। इसके अलावा फिटनेस के लिए मशीनरी का सही उपयोग भी आना चाहिए। जानकार कहते हैं कि सबसे जरूरी है अपने अंदर फिटनेस की ललक पैदा करना। इसके लिए आप घर के एक कोने को ह्यफिटनेस कॉर्नरह्ल बना सकते हैं। असल में सामान्यतः आम घरों में गेस्ट रूम, ड्राइंगरूम आदि को ही प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि अब स्टडी रूम का चलन भी बढ़ा है। इसी तरह फिटनेस रूम भी बनाया जाना जरूरी है। या फिटनेस के लिए एक कोना।



**घर के काम में भी छिपा है फिटनेस का राज**

इन दिनों बच्चे घर पर ही हैं। पढ़ाई के अलावा जो समय उन्हें मिलता है, उस दौरान वे घर के काम में अपने माता-पिता या अन्य सदस्यों की मदद कर सकते हैं। जानकार कहते हैं कि घर के कामों जैसे कि झाड़ू, पोछा, आटा गूंथना, बागवानी जैसे तमाम काम ऐसे हैं जिसमें आपको सुकून मिलेगा और फिटनेस भी रहेगी। घरवाले मिलकर किसी दिन मास्टर सफाई का भी कार्यक्रम रख सकते हैं। इस दिन घर का हर सदस्य अपने हिस्से का काम कर ले। अगर चाहें तो अपने घर का लेआउट भी बदल सकते हैं।

**क्या करें-**

जानकार कहते हैं कि अगर पर्याप्त जगह है तो आप एक कमरे को ही फिटनेस रूम बना सकते हैं। इसके लिए आप वहां कुड डंबल, स्प्रिंग वाली रस्सी जैसी कुछ चीजें रख सकते हैं। अगर ऐसा न हो तो आप एक कोने को ही फिटनेस कॉर्नर बनायें। यहां आप एक आसन ही रख लें जिस पर बैठकर आप रोज सुबह योगासन आदि करें। घर में जितने सदस्य हैं, उनके लिए एक-एक आसन बना हो सकता है। उन पर बैठकर आप अनुलोम-बिलोम, प्राणायाम जैसे कुछ यौगिक क्रियाएं कर सकते हैं।

बच्चों की एक्सरसाइज के कुछ सामान भी आप वहां रख सकते हैं ताकि बच्चों को हर दिन उस कोने को देखकर अपनी फिटनेस की याद आये और वह इसके लिए तैयार रहे।